दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-116 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 13 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## एससी ने खारिज की मीनाक्षी नटराजन की याचिका, राज्यसभा चुनाव का रास्ता बंद

नई दिल्ली, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश से कांग्रेस पार्टी की पूर्व राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन को चुनाव आयोग से लगा बड़ा झटका अब देश की सर्वोच्च अदालत से भी बरकरार रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा नामांकन पत्र रद्द किए जाने के फैसले के खिलाफ दायर की गई उनकी पुनर्विचार याचिका को उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने शुक्रवार को पूरी तरह खारिज कर दिया है। इससे पूर्व, चुनाव आयोग के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने स्क्रूटनी के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के पर्चे को इस तकनीकी आधार पर अमान्य घोषित कर दिया था कि उन्होंने अपने चुनावी हलफनामे (एफिडेविट) में खुद के खिलाफ लंबित एक पुराने कानूनी मामले की जानकारी को कथित तौर पर छुपाया था। इस दंडात्मक कार्रवाई के तुरंत बाद कांग्रेस नेताओं ने निर्वाचन कार्यालय के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया था और



अधिकारियों से लंबी वार्ता की थी, परंतु वहां से कोई राहत न मिलने पर कांग्रेस ने न्याय के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का पक्ष रखते हुए देश के जाने-माने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ के सामने तर्क दिया कि रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा लिया गया निर्णय कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण है। उन्होंने दलील दी कि जिस लंबित मामले को आधार बनाकर पर्चा खारिज किया गया है, उसमें अभी तक नटराजन के खिलाफ अदालत द्वारा कोई आरोप (चार्ज) तय नहीं किए गए हैं। वरिष्ठ वकील ने कानून की व्याख्या करते हुए कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपी एक्ट) के मौजूदा प्रावधानों के तहत किसी भी उम्मीदवार का नामांकन केवल तभी निरस्त किया जा सकता है, जब संबंधित आपराधिक मामले में कोर्ट द्वारा औपचारिक रूप से आरोप तय कर दिए गए हों। अतः केवल प्राथमिकी या लंबित मामले के आधार पर उम्मीदवारी रद्द करना न्यायसंगत नहीं है।

## अमेरिकी हमले में 3 नागरिकों की मौत के बाद सरकार उच्चतम अलर्ट पर

नई दिल्ली,(आरएनएस)। ओमान की खाड़ी में एक जहाज पर हुए हमले में 3 भारतीय नाविकों की मौत हो गई है। इसके बाद बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने कहा कि खाड़ी में भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए सरकार उच्चतम अलर्ट पर है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नाविकों को सहायता सुनिश्चित करने के लिए सरकार होर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास की गतिविधियों पर नजर रख रही है और मित्र देशों के समुद्री प्रशासनों और जहाजरानी कंपनियों के साथ समन्वय में है। सरकार ने कहा कि सभी संबंधित एजेंसियों को उच्च सतर्कता पर रहने और भारतीय नाविकों या भारतीय समुद्री हितों से जुड़ी किसी भी आकस्मिक स्थिति का जवाब देने के लिए तत्पर रहने के लिए कहा गया है।



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु से मुलाकात की।

## दिल्ली में फिर आग ने मचाई तबाही, तुगलकाबाद की पांच मंजिला इमारत में भीषण आग, 3 की मौत; 8 लोग झुलसे

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में शुक्रवार तड़के पांच मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 महिलाओं समेत 8 लोग झुलस गए। हादसे



के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बचाव कार्य के लिए दमकल विभाग की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (DFS)के अनुसार आग लगने की सूचना रात करीब 2:25 बजे मिली। घटना तुगलकाबाद की गली नंबर-1 स्थित नया तारा अपार्टमेंट के पास एक रिहायशी मकान में हुई। सूचना मिलते ही दमकल की सात गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। आग की गंभीरता को देखते हुए बाद में अतिरिक्त दमकल वाहनों को भी घटनास्थल भेजा गया।

## यूपी-बिहार में तूफान और वज्रपात का कहर, 16 की मौत; आज दिल्ली समेत 16 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली,(आरएनएस)। मौसम विभाग ने आज दिल्ली-एनसीआर समेत देश के 16 राज्यों में तेज आंधी, ओलावृष्टि और मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश और झारखंड सहित 16 राज्यों में मौसम विभाग ने येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

पश्चिम विक्षोभ के चलते उत्तर भारत में गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट ली। उत्तर प्रदेश और बिहार में तेज आंधी-पानी और वज्रपात से 16 लोगों की मौत हो गई। जिनमें बिहार में 10 लोगों की जान गई, जबकि एक ही परिवार के चार लोगों समेत 10 झुलस गए।

## जयशंकर का सीधा संदेश: यूरोप-अमेरिका की दोहरी नीति पर उठाए सवाल

नई दिल्ली/हेलसिंकी,(आरएनएस)। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने फिनलैंड में आयोजित प्रतिष्ठित 'कुल्तारांता वार्ता' (Kultaranta Talks) में रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर पश्चिमी देशों और मीडिया द्वारा की जाने वाली आलोचनाओं का एक बार फिर बेहद बेबाक और कड़ा जवाब दिया है। उभरती शक्तियां और नई भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा विषय पर आयोजित चर्चा के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और 140 करोड़ नागरिकों के आर्थिक हितों को सर्वोपरि रखकर ही फैसले लेता है। जयशंकर ने दोटूक शब्दों में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूरोप और अमेरिका की नीतियों में खुद कई विरोधाभास रहे हैं, इसलिए भारत को नैतिकता का पाठ पढ़ाने की कोशिश कतई उचित नहीं है।चर्चा के दौरान जब एक पत्रकार ने भारत पर रूस के प्रति नरम रुख अपनाने और रूसी तेल खरीदने का सीधा आरोप लगाया, तो विदेश मंत्री ने उसे वैश्विक बाजार के



आंकड़ों से समझाते हुए खारिज कर दिया। जयशंकर ने बताया कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यूरोपीय देशों ने अचानक मध्य-पूर्व (मिडिल ईस्ट) के देशों से भारी मात्रा में तेल खरीदना शुरू कर दिया था, जो कि ऐतिहासिक रूप से भारत का मुख्य आपूर्तिकर्ता रहा है। जब यूरोप ने भारत के पारंपरिक बाजार पर कब्जा कर लिया, तो बाजार की परिस्थितियों और कीमतों के संतुलन ने भारत को वैकल्पिक स्रोत के रूप में रूस की तरफ बढ़ने के लिए मजबूर किया। यह फैसला किसी राजनीतिक संदेश के लिए नहीं, बल्कि अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए लिया गया था। अपने संबोधन में डॉ. जयशंकर ने अमेरिका की दोहरी नीति पर भी तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने खुलासा किया कि वर्ष 2022 में खुद अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए पर्दे के पीछे से प्रोत्साहित किया था, ताकि वैश्विक ऊर्जा बाजार में तेल की भारी किल्लत न हो और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतें नियंत्रण में रहें। उन्होंने कहा कि यह एक अजीब खेल है जहां एक समय तेल खरीदने का दबाव बनाया जाता है और दूसरे समय उसी नीति को लेकर सवाल खड़े किए जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय राजनीति केवल सिद्धांतों या नैतिकता से नहीं, बल्कि व्यावहारिक हितों से चलती है और दुनिया के सभी देश इस सच को अच्छी तरह समझते हैं।



बेंगलुरु के विधान सौधा में रा%यसभा के लिए निर्विरोध चुने जाने के बाद, एआईसीसी अध्यक्ष और कांग्रेस के रा%यसभा उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खड़गे ने रिटर्निंग ऑफिसर से चुनाव प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।

## हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा में बेटियों ने मारी बाजी

भोपाल (आरएनएस)। माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश की हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष-2026 का नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को शाम 4 बजे घोषित कर दिया गया। इसमें



बेटियों ने बाजी मारी है। इस परीक्षा में 62.31 प्रतिशत नियमित छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं , जबकि 57.36 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम मंडल की आधिकारिक वेबसाइट mpbse.mponline.gov.in पर जाकर देख सकते हैं। हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा में प्रदेश से 1 लाख 42 हजार 468 नियमित विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। इसमें से 1 लाख 42 हजार 467 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। शुक्रवार 12 जून को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में 84 हजार 871 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

33 हजार 334 स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने भरा था फॉर्म

हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा में 33 हजार 334

## भोपाल में रहकर पाकिस्तान के इशारे पर कर रहा था अफगानिस्तान में अशांति फैलाने की तैयारी

**- विशेष ट्रेनिंग के लिए अफगानिस्तान जाने की तैयारी में था युवक**



### केंद्रिय जॉच एंजेसी से मिले इनपुट पर एटीएस ने पुराने शहर से संदिग्ध को किया गिरफ्तार- पाक से भेजे गए कथित देश विरोधी दस्तावेज बरामद

भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल की एटीएस ने पुराने शहर के हनुमानगंज थाना इलाके में स्थित काजी कैंप क्षेत्र से एक ऐसे संदिग्ध पाकिस्तानी आंतकी संगठन से जुड़े एजेंट को गिरफ्तार किया है, जो भोपाल में रहकर पाकिस्तानी आतंकी संगठन के इशारे पर अफगानिस्तान में अशांति फैलाने की तैयारी में जुटा था। संदिग्ध युवक बीते काफी समय से पाकिस्तानी आंतकी संगठन के संपर्क में था। सूत्रो के मुताबिक युवक के लगातार पाकिस्तानी एंजेट से संपर्क में रहने पर इसकी भनक केंद्रीय जांच एजेंसी को लग गई। इसके बाद भोपाल एटीएस ने केंद्रीय जॉच एंजेसी से मिले इनपुट के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया। लोकल सूत्रो के अनुसार पकड़ाये गये युवक का नाम मोहम्मद फराज बताया गया है, जो कॉग्रेंस नगर में रहते हुए एक डॉक्टर के क्लिनिक पर काम करता है। टीम ने इनपुट मिलने के बाद घेराबंदी कर उसे नगर निगम कॉलोनी के पास से गिरफ्तार किया है। उस पर देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक युवक को पाकिस्तानी आंतकी संगठन के नेटवर्क से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सूत्र बताते है की शुरुआती जांच में उसके कब्जे से पाकिस्तान से भेजे गए कथित देश विरोधी दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। वहीं यह भी पता चला है, की पकड़ाया गया आरोपी युवक कथित तौर पर विशेष ट्रेनिंग के लिए अफगानिस्तान जाने की तैयारी कर रहा था। जानकारी के मुताबिक आरोपी मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग भी ले रहा था।




## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से की मुलाकात, अनंतनाग में वंदे भारत ट्रेन के नए ठहराव की घोषणा

नई दिल्ली/श्रीनगर,(आरएनएस)। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से चल रही और आगामी रेलवे परियोजनाओं पर चर्चा की गई।

इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान, प्रतिष्ठित जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस का अनंतनाग में एक व्यावसायिक ठहराव (कमर्शियल स्टॉपेज) शुरू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। यह रणनीतिक ठहराव दैनिक यात्रियों, पर्यटकों और व्यापारियों को महत्वपूर्ण रूप से लाभान्वित करेगा, जिससे कश्मीर के सबसे प्रमुख आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्रों में से एक के लिए, एक तेज़ और अधिक विश्वसनीय परिवहन संपर्क उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में भारतीय रेलवे की इस परिवर्तनकारी पहल की गहरी सराहना की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि वंदे भारत सेवा ने जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा को पूरी तरह से एक नया रूप दिया है, जिससे यात्रा के समय में कमी आई है और स्थानीय निवासियों व आगंतुकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और आराम मिला है।

## सलमान खान ने फिल्म काला हिरण की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की, दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर

नई दिल्ली, (आरएनएस)। फिल्म काला हिरण: द बैटल फॉर लेगेसी को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है. फिल्म अभिनेता सलमान खान ने इस



फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. याचिका में सलमान खान ने कहा है कि ये फिल्म 1998 में उनसे जुड़े काला हिरण के शिकार से संबंधित है. इस फिल्म के प्रदर्शन से उनके व्यक्तित्व के अधिकारों का उल्लंघन होगा.याचिका में कहा गया है कि फिल्म काला हिरण के निर्माता ने फिल्म में उसके हमशक्ल का इस्तेमाल किया है और वह जो ब्रासलेट पहनता है वैसा ही ब्रासलेट भी पहने हुए दिखाया गया है. याचिका में कहा गया है कि फिल्म के निर्माता फिल्म के प्रमोशन के दौरान सलमान खान के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं.याचिका में कहा गया है कि फिल्म के रिलीज के बाद काला हिरण के शिकार से जुड़े मामले पर भी असर पड़ सकता है और इससे उसकी छवि पर खराब असर पड़ सकता है. याचिका में कहा गया है कि सलमान खान ने फिल्म के निर्माता को कानूनी नोटिस भेजा था, जिसमें फिल्म के प्रमोशन और रिलीज को रोकने की मांग की गई थी. कानूनी नोटिस में कहा गया था कि काला हिरण के शिकार का मामला अभी राजस्थान हाईकोर्ट में लंबित है. ऐसे में अगर इस मामले में कोई भी सनसनी पैदा की जाएगी तो केस के ट्रायल पर असर पड़ सकता है।

## राहुल गांधी बोले- 'मैं भगवान शिव की तरह विष पी रहा हूं', जानिए क्या है पूरा मामला

नई दिल्ली (ए)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने INDIA गठबंधन की हालिया बैठक में विपक्षी एकता, राजनीतिक रणनीति और गठबंधन की चुनौतियों को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने सहयोगी दलों को एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि भाजपा का मुकाबला तभी संभव है, जब विपक्ष मिलकर रणनीति बनाए और जमीनी हकीकत को समझे। राहुल गांधी ने बैठक के दौरान ये भी कहा है कि उनका काम भगवान शिव की तरह विष पीने का है।

### 'कांग्रेस आलोचना सहने को तैयार'

राहुल गांधी ने सहयोगी दलों से कहा- आज कांग्रेस पार्टी के बारे में जो बातें कही गईं, उनका जवाब देना मेरा काम नहीं है। मेरा काम तो शैव परंपरा की तरह सब कुछ पी जाना है। नीलकंठ (शिव) का विचार, जो सारा विष पी जाते हैं। आप और जो कुछ भी कहना चाहें, मुझ पर या कांग्रेस पार्टी पर जो भी आलोचना करना चाहें, हम उसे स्वीकार करेंगे, और खुशी-खुशी, चेहरे पर मुस्कान के साथ स्वीकार करेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारी भूमिका अलग है। हमारी भूमिका आप सभी को प्यार और स्नेह के साथ एक साथ लाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास और भूमिका अन्य राजनीतिक



दलों से अलग रही है, क्योंकि पार्टी की जड़ें स्वतंत्रता आंदोलन और लोकतांत्रिक संघर्षों से जुड़ी हैं।

### सहयोगी दलों को दी चेतावनी

राहुल गांधी ने बैठक में कहा कि विपक्षी दलों को मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को नए नजरिए से देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रीय दल अब भी पुरानी राजनीतिक रणनीतियों पर भरोसा कर रहे हैं, जबकि देश की राजनीतिक परिस्थितियां काफी बदल चुकी हैं। उनके अनुसार, पहले जिन तरीकों से चुनावी सफलता मिलती थी, अब वही तरीके उतने प्रभावी नहीं रह गए हैं। इसलिए विपक्षी दलों को नई चुनौतियों के अनुरूप अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा।







# बेहतर कानून व्यवस्था के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी रहें मुस्तैद : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## शिक्षा केंद्रों के निकट छेड़छाड़ की घटनाएं न हों, महिलाओं की सुरक्षा के प्रति गंभीर रहें



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बदलते दौर में पुलिस बल को नई चुनौतियों से निपटने के लिए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। अपराधों के अन्वेषण का दायित्व निभाने वाले विवेचना अधिकारियों को अन्वेषण भत्ता भी मिले, इस दृष्टि से अन्य राज्यों में लागू व्यवस्थाओं का अध्ययन किया गया है। इस क्षेत्र में अपराध स्थल पर त्वरित पहुंच, सुरक्षा व्यवस्था, साक्ष्य संकलन, अभियुक्त गवाह और पीड़ित के परिवहन, भोजन आदि के साथ फोटोग्राफी -वीडियोग्राफी, डिजिटल साक्ष्य संग्रह, न्यायलीन प्रक्रिया से जुड़े आकस्मिक खर्च देखते हुए मध्यप्रदेश में अन्वेषण भत्ता लागू किए जाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में निर्देश दिए कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रहे, इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर आरक्षक स्तर तक सजगता और सक्रियता से भूमिका निभाई जाए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में गृह विभाग की समीक्षा में कहा कि सायबर अपराधों की बढ़ती संख्या को देखते हुए गृह विभाग द्वारा आईटी कंसल्टेंट की सेवाएं लेने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। बैठक में सिंहस्थ: 2028 के लिए भीड़ प्रबंधन, कानून व्यवस्था, वीआईपी सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और आपदा प्रबंधन के उद्देश्य से आवश्यक पुलिस बल की व्यवस्था पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ की दृष्टि से विभिन्न कंट्रोल रूम तथा अन्य व्यवस्थाओं को इस तरह पूर्ण किया जाए ताकि उनका स्थाई महत्व और प्रभाव रहे। उज्जैन में अनेक बाबा महाकाल मंदिर सहित देव स्थान हैं। सभी व्यवस्थाओं को तात्कालिक के स्थान पर स्थायी अधोसंरचना के रूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बसंत पंचमी और हाल ही में भोजशाला से संबंधित प्रसंग में पुलिस बल की सजग सक्रिय भूमिका के लिए वरिष्ठ अधिकारियों और फोर्स के अन्य सदस्यों को बधाई दी।

# *उपभोक्ता आयोग के 34 कर्मचारियों को स्थायी कर्मी का दर्जा*

### *डॉ. मोहन यादव सरकार का बड़ा कर्मचारी हितैषी निर्णय, वर्षों की सेवा को मिला सम्मान*

*भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने कर्मचारी कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील निर्णय लेते हुए राज्य एवं जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोगों में कार्यरत 34 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी कर्मी का दर्जा प्रदान करने की अनुमति दे दी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के विशेष प्रयासों से लिए गए इस निर्णय से वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को स्थायित्व, सेवा सुरक्षा तथा विभिन्न शासकीय सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि इस निर्णय के तहत राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग एवं जिला आयोगों में कार्यरत 29 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों तथा 5 ऑफिस मोहर्रिर-सह-डिस्पेचर पदों पर कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी कर्मी के रूप में मान्यता प्रदान की जाएगी। इस संबंध में विभाग द्वारा औपचारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के वर्ष 2016 के परिपत्र के अनुसार 16 मई 2007 के बाद नियुक्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी कर्मी का लाभ देने के लिए शासन की पूर्व अनुमति आवश्यक थी। राज्य सरकार ने इस मामले को विशेष परिस्थितियों वाला प्रकरण मानते हुए वन टाइम रिलेक्सेशन प्रदान किया है, जिससे लंबे समय से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।*

# डिजिटल सुशासन और साइबर सुरक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर हुआ पुरस्कृत मध्यप्रदेश : मंत्री श्री विजयवर्गीय

### मध्यप्रदेश की ई-नगर पालिका परियोजना को मिला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार



भोपाल,(आरएनएस.)। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने डिजिटल सुशासन, ई-गवर्नेंस, साइबर सुरक्षा तथा नागरिक सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व नवाचार किए हैं। यह राष्ट्रीय पुरस्कार मध्यप्रदेश द्वारा उत्कृष्ट नागरिक सेवाओं के वितरण और तकनीकी सुधारों की दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर हुई सराहना का एक गौरवशाली प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन को मध्यप्रदेश पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग नागरिकों को उत्कृष्ट, सरल एवं पारदर्शी डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्यरत है और साथ ही साइबर सुरक्षा एवं डेटा संरक्षण के प्रति भी समान रूप से संवेदनशील है। विभाग का उद्देश्य केवल सेवाओं का डिजिटलीकरण करना नहीं, बल्कि प्रदेश में एक ऐसा सुरक्षित डिजिटल इको सिस्टम स्थापित करना है, जहां तकनीक, सुरक्षा और नागरिकों के विश्वास साथ आगे बढ़ें। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा है कि ई-नगर पालिका परियोजना को नागरिक सेवाओं को सरल, तेज़ एवं पारदर्शी बनाने एवं नागरिकों के डेटा की सर्वोच्च सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्लेटफॉर्म आधुनिक क्लाउड अवसंरचना, जीरो ट्रस्ट ऑर्किटेक्चर, डेटा एन्क्रिप्शन, निरंतर साइबर निगरानी और उन्नत साइबर सुरक्षा मानकों पर आधारित है।

# टैक्सी चालकों का अनोखा प्रदर्शन, कटोरा लेकर मांगी भीख, बोले- कमाई से ज्यादा खर्च



भोपाल,(आरएनएस.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में शुक्रवार को ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं से जुड़े चालकों ने अपनी आर्थिक बदहाली के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। भोपाल टैक्सी चालक संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में चालक बोर्ड ऑफिस चौराहे पर एकत्र हुए और फटे कपड़े पहनकर हाथों में कटोरा लेकर प्रतीकात्मक रूप से भीख मांगते नजर आए। चालकों ने ओला, उबर और रैपिडो की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि कंपनियों की किराया व्यवस्था ने उन्हें आर्थिक संकट में धकेल दिया है। प्रदर्शन के दौरान चालकों ने कहा कि लगातार घटते किराए और बढ़ती परिचालन लागत के कारण उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। एक चालक ने कहा कि हालात इतने खराब हो गए हैं कि नए कपड़े खरीदना भी मुश्किल हो गया है। उनका कहना था कि कमाई लगातार घट रही है, जबकि ईंधन और वाहन रखरखाव का खर्च लगातार बढ़ रहा है।संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान में ड्राइवरों को औसतन नौ रुपये प्रति किलोमीटर तक ही किराया मिल रहा है, जबकि पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की बढ़ी कीमतों के कारण वाहन संचालन की लागत 11 रुपये प्रति किलोमीटर तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश चालक ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं जहां उन्हें परिवार का खर्च चलाने और वाहन की किस्त भरने के बीच चुनाव करना पड़ रहा है।

# क्रेडिट कार्ड आवेदन संग्रहण में मध्यप्रदेश देश में द्वितीय स्थान पर; नगरीय निकायों में अभियान जारी

भोपाल(आरएनएस)। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) के आर्थिक सुदृढ़ीकरण एवं वित्तीय समावेशन के लिए प्रदेश में प्रयास निरंतर जारी हैं। योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन पत्र संग्रहण में मध्यप्रदेश ने देश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। प्रदेश में अब तक 10 हजार से अधिक क्रेडिट कार्ड आवेदन विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए जा चुके हैं, जिनमें से बैंकों द्वारा 900 से अधिक आवेदनों का सफलतापूर्वक सत्यापन कर 500 से अधिक क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। योजना अंतर्गत क्रेडिट कार्ड सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा पात्रता मापदंड निर्धारित किए गए हैं। इसमें वे समस्त शहरी पथ विक्रेता पात्र होंगे, जिन्होंने अपने ऋण की द्वितीय किश्त का सफलतापूर्वक पुनर्भुगतान कर दिया है तथा वे तृतीय किश्त के लिए अर्हता रखते हैं। इसके अतिरिक्त, वे वेंडर्स भी इस सुविधा के पात्र होंगे जिन्होंने पूर्व में ही तृतीय किश्त का ऋण प्राप्त कर लिया है— उनका ऋण खाता वर्तमान में सक्रिय हो अथवा पूर्णत: जमा हो चुका हो। आवेदन की तिथि को आवेदक की आयु 21 से 65 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। यह क्रेडिट कार्ड सुविधा तृतीय किश्त के ऋण के अतिरिक्त देय होगी, जिससे हितग्राही अपनी पात्रता एवं प्राथमिकता के आधार पर ऋण, क्रेडिट कार्ड अथवा दोनों सुविधाओं का संयुक्त लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

# वक्फ बोर्ड के विरोध में सड़क पर उतरी भगवा पार्टी, प्रतीकात्मक अर्थी निकालकर किया प्रदर्शन



भोपाल, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में शुक्रवार को वक्फ बोर्ड के विरोध में भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) ने एमपी नगर क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया। 'वक्फ बोर्ड भारत छोड़ो' अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने बोर्ड ऑफिस चौराहे से डीबी मॉल तक रैली निकाली और प्रतीकात्मक अर्थी के साथ पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, मौजूद रहीं। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने वक्फ बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी की और इसे समाप्त करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला ने वक्फ बोर्ड को संविधान की समानता की भावना के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि देश में सभी नागरिकों के लिए एक समान व्यवस्था होनी चाहिए और किसी विशेष संस्था या व्यवस्था के कारण समानता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। शुक्ला ने आरोप लगाया कि वक्फ बोर्ड का गठन आपातकाल के दौर में हुआ था और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से इस व्यवस्था की समीक्षा कर इसे समाप्त करने की मांग की।

### वक्फ संपत्तियों और पारदर्शिता पर उठाए सवाल

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को लेकर भी सवाल उठाए और इनके उपयोग में पारदर्शिता की मांग की। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि इन संपत्तियों का उपयोग किस तरह किया जा रहा है और इसका लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है या नहीं। इस दौरान उन्होंने नई पीढ़ी में सामाजिक विभाजन की आशंका जताते हुए कहा कि देश में एकता बनाए रखना जरूरी है।

## नरसिंहपुर पुलिस की बड़ी सफलता

# धार्मिक आस्था से जुड़े चोरी के प्रकरण का खुलासा




### जैन मंदिरों से चोरी हुई 250 वर्ष पुरानी दुर्लभ मूर्तियां सुरक्षित बरामद

भोपाल (आरएनएस)। धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़े संवेदनशील प्रकरणों के प्रति मध्यप्रदेश पुलिस की प्रतिबद्धता का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नरसिंहपुर पुलिस ने जैन मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा कर पांच सदस्यीय शातिर चोर गिरोह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जैन मंदिरों से चोरी की गई लगभग 250 वर्ष पुरानी अष्टधातु की दो दुर्लभ प्रतिमाएं, चांदी के 17 छत्र, दो चांदी के आसन, एक चांदी का मुकुट, चार बैटरियां, तीन इनवर्टर, दो रेफ्रिजरेटर, चार एलईडी टीवी, दो डीवीआर, दो पंखे, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल तथा नगदी सहित चोरी गई संपत्ति जब्त की है। धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इन धरोहरों की सुरक्षित बरामदगी पुलिस की संवेदनशील, पेशेवर एवं प्रभावी कार्यशैली को दर्शाती है। नरसिंहपुर में विगत दो से तीन माह के दौरान ग्राम रामनिवारी, तेन्दूखेड़ा तथा करकबेल स्थित जैन मंदिरों सहित अन्य स्थानों पर चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। धार्मिक स्थलों से जुड़ी इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा तीन विशेष टीमों का गठन किया गया था। टीमों को अज्ञात आरोपियों की शीघ्र पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयास, तकनीकी दक्षता, सतत निगरानी तथा वैज्ञानिक विवेचना के परिणामस्वरूप इस संवेदनशील प्रकरण का सफल खुलासा संभव हो सका।पुलिस द्वारा प्रारंभ से ही सभी पहलुओं पर सूक्ष्मता एवं गंभीरता के साथ जांच की गई। घटनास्थलों का बारीकी से निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए गए तथा तकनीकी जानकारी, मुखबिर तंत्र एवं अन्य उपलब्ध सूचनाओं का गहन विश्लेषण किया गया।विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं के पैटर्न का भी विस्तृत अध्ययन किया। घटनाओं के समय, स्थान, वारदात के तरीके एवं संदिग्ध गतिविधियों के तुलनात्मक विश्लेषण से महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए। इसी क्रम में निगरानी बदमाश टिक्कू उर्फ टेकसिंह लडिया की संदिग्ध गतिविधियां सामने आने पर उसकी गहन पतारसी की गई। तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य तथ्यों के आधार पर पूछताछ किए जाने पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने प्रकरण में टिक्कू उर्फ टेकसिंह लडिया के साथ ज्ञानी प्रजापति, आशीष शर्मा, नितिन शर्मा तथा चोरी का सामान खरीदने वाले चिन्टू उर्फ मुकेश सोनी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने करकबेल जैन मंदिर, रामनिवारी स्थित जैन मंदिर, तेन्दूखेड़ा स्थित जैन मंदिर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई कुल पांच चोरी की घटना कारित करना स्वीकार की है।

# खनिज संपदा से समृद्ध पंचायतों को मिले अधिक भागीदारी, पर्यावरण पुनरुद्धार को मिले प्राथमिकता : जयभान सिंह पवैया

### खनिज राजस्व, जिला खनिज निधि और स्थानीय निकायों की भूमिका की हुई समीक्षा

भोपाल, (आरएनएस)। मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में खनिज संपदा से प्रभावित क्षेत्रों के विकास, स्थानीय निकायों की भागीदारी तथा पर्यावरणीय पुनरुद्धार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खनिज उत्खनन से प्रभावित पंचायतों को खनिज राजस्व से प्राप्त आय में अधिक प्रभावी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के अवसरों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, ताकि स्थानीय समुदायों को विकास का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। बैठक में




आयोग के सदस्य के.के. सिंह तथा सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे। आयोग के अध्यक्ष श्री पवैया ने खनन गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि जिला खनिज निधि के संसाधनों का उपयोग पर्यावरण पुनरुद्धार, हरित आवरण विस्तार, जल संरक्षण तथा पारिस्थितिकी सुधार संबंधी कार्यों को अधिकाधिक किया जाए, जिससे विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके। खनिज विभाग के अधिकारियों ने आयोग को राज्य में खनिज राजस्व की वर्तमान स्थिति, राजस्व प्राप्ति के प्रमुख स्रोतों तथा वसूली की प्रगति से अवगत कराया।

# बैरागढ़ रोड पर पटाखा दुकान में भीषण आग, 70 फीट ऊपर उठीं लपटें, साढ़े तीन घंटे बाद पाया काबू



भोपाल, (निप्र.) । राजधानी भोपाल का बैरागढ़ रोड शुक्रवार तड़के पटाखों के धमाकों और भीषण आग की लपटों से दहल उठा। यहां हलालपुरा स्थित मुख्य सड़क किनारे बनी एक पटाखा दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। दुकान में रखे लाखों रुपए के पटाखों में धमाकों के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। हालांकि दमकल टीम ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है।जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा बैरागढ़ रोड स्थित सुंदर वन गार्डन के ठीक सामने संचालित सोनी पटाखा दुकान में तड़के करीब 3:30 बजे घटित हुआ। चूंकि दुकान मुख्य सड़क के बिल्कुल किनारे स्थित है, जहां दिन के समय भारी ट्रैफिक और गाड़ियों की आवाजाही रहती है, इसलिए गनीमत यह रही कि हादसा देर रात हुआ, अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के रहवासी सहम गए और तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को दी गई। आग की लपटें करीब 70 फीट ऊपर तक उठीं। घटना की सूचना मिलते ही शहर के कई फायर स्टेशनों से दमकल गाड़ियां और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा।हलालपुरा का मुख्य और बड़ा पटाखा मार्केट इस दुकान से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है। इतना ही नहीं, घटना स्थल के बेहद पास एक पेट्रोल पंप भी मौजूद है, जिससे इलाके पर एक बड़ा खतरा मंडरा रहा था। सोनी पटाखा दुकान में लाखों रुपए के कई किलोग्राम पटाखे और बारूद का स्टॉक भरा हुआ था, जो इस अग्निकांड में पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, जिसकी जांच की जा रही है। आग इतनी भयावह थी कि दुकान के भीतर से जलते हुए पटाखे और रॉकेट उड़कर मुख्य सड़क पर आ रहे थे। खतरे को भांपते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और सड़क के एक तरफ का ट्रैफिक पूरी तरह बंद करा दिया। सुरक्षा के लिहाज से बिजली कंपनी को सूचना देकर पूरे इलाके की बिजली सप्लाई तुरंत कटवाई गई। फायर फाइटर शाहनाबाज अहमद ने बताया कि सूचना मिलते ही फतेहगढ़, बैरागढ़ और गांधीनगर सहित कई फायर स्टेशनों से दमकलें तुरंत मौके पर भेजी गईं। दुकान में बारूद की मौजूदगी के कारण आग बार-बार भड़क रही थी। हमारी टीमों ने रणनीतिक रूप से मोर्चा संभाला और करीब तीन घंटे से अधिक समय की भारी मशक्कत के बाद सुबह 7:00 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है।

### सीएमएचओ के निरीक्षण में ओपीडी से अनुपस्थित मिले स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स को नोटिस, बिना अनुमति नहीं मिलेगा वेतन



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल सीएमएचओ ने शुक्रवार को भोपाल की अलग - अलग स्वास्थ्य संस्थाओं में पहुंचकर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर में चिकित्सा विशेषज्ञों के ओपीडी से अनुपस्थित मिलने पर वेतन कटौती सहित शो कॉज नोटिस दिया गया है।निरीक्षण में आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुगलिया हाट और कुराना बंद पाए जाने पर यहां पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को 7 दिन का वेतन कटौती का नोटिस दिया गया है। इस दौरान ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर आयोजित टीकाकरण सत्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण और पोषण सेवाओं की जानकारी ली गई।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रगति पटेल और निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राहुल जैन को कर्तव्य स्थल से बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही का नोटिस दिया गया है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना अंतर्गत वैष्णो देवी जाएंगे श्रद्धालु

### मंत्री श्री सारंग ने लाभार्थियों को वितरित किए यात्रा टिकट

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना अंतर्गत नरेला विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालु 13 से 18 जून तक पवित्र वैष्णो देवी धाम की तीर्थ-यात्रा पर जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा संचालित तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने लाभार्थियों को यात्रा टिकट वितरित कर उनकी सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने



कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान देने वाली महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से उन्हें नि:शुल्क तीर्थ-यात्रा का अवसर प्राप्त हो रहा है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि अनेक श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी इच्छा होती है कि वे देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन करें, लेकिन आर्थिक अथवा अन्य कारणों से यह संभव नहीं हो पाता। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना ऐसे श्रद्धालुओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बनी है। सरकार द्वारा यात्रा, भोजन, आवास, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। मंत्री श्री सारंग के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं की यात्रा के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। श्रद्धालु 13 जून को वैष्णो देवी धाम के लिए रवाना होंगे तथा 18 जून को वापस लौटेंगे। यात्रा के दौरान आवागमन, भोजन, ठहरने एवं सुरक्षा सहित संपूर्ण प्रबंध मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपनी धार्मिक यात्रा पूर्ण कर सकें। टिकट वितरण के दौरान लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण धार्मिक सपने को पूरा करने का अवसर प्रदान किया है।

## विशाल भंडारे के साथ शिव महापुराण कथा का समापन



ग्वालियर ( ए. ) । पान पत्ते के गोट कंपू में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का समापन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पूज्य घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए धर्म, सेवा एवं संस्कारों का संदेश दिया। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथा के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। आयोजक भदोरिया परिवार ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने रात्रिकाल में लगाई जन चौपाल

### "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

ग्वालियर (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार की रात जन-चौपाल लगाकर जन समस्याओं का निराकरण कराया। उन्होंने उप नगर ग्वालियर के वार्ड नंबर 5 आनंद नगर स्थित बड़ा पार्क माता मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम के दौरान जन चौपाल के जरिए स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद किया। इस अवसर पर लोगों द्वारा बताई गईं जनसुविधाओं से संबंधित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। श्री तोमर ने कहा कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। सरकार हर गली-मोहल्ले तक विकास योजनायें पहुँचाने के लिये प्रतिबद्ध है।रात्रि विश्राम के उपरांत शुक्रवार की सुबह ऊर्जा मंत्री श्री



तोमर ने इस क्षेत्र के बड़े पार्क में संचालित जिम में स्थानीय निवासियों के साथ संवाद कर उनका हालचाल पूछा। साथ ही पार्क और मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने इस अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान में शामिल होकर वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को पर्यावरण से जोड़ना और व्यक्तिगत स्तर पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम" अभियान पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और अपनी माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान है।

## नेत्रदान के प्रति जागरुकता हेतु सम्मान समारोह आयोजित किया

इन्दौर (ए.)। नेत्रदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा इस महादान में योगदान देने वाले नेत्रदाता परिवारों, नेत्र प्राप्तकर्ताओं और सामाजिक संस्थाओं का सम्मान करने के उद्देश्य से संभागायुक्त डॉ. सुदाम पी. खाड़े (आईएएस) के मुख्य आतिथ्य में शंकरा आई सेंटर में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि संभागायुक्त ने कहा कि नेत्रदान मानवता की सबसे महान सेवाओं में से एक है, जो किसी के जीवन में नई रोशनी और आशा का संचार करता है। समारोह में शामिल जनों को संबोधित करते कॉर्निया ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अंकित देवकर ने नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक लोगों से नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील की।

## टप्पा तहसील परिसर मुरार में लगा जनकल्याण शिविर

### - 456 हितग्राहियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से कराया गया लाभान्वित

ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर जिले में भी सरकार की मंशा के अनुरूप एक ही मंच से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने एवं जन समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से जनकल्याण शिविर लगाए जा रहे हैं। इस क्रम में शुक्रवार को टप्पा तहसील परिसर मुरार में लगाए गए शिविर में सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत 456 हितग्राहियों को लाभान्वित कराया गया। समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने का प्रयास इस शिविर के माध्यम से किया गया। शिविर स्थल पर लगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही।

शिविर में नगर निगम सभापति मनोज तोमर, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया व महिला जिलाध्यक्ष करूणा स्वतंत्र सक्सेना सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय व अपर आयुक्त प्रदीप तोमर समेत जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राहियों पहुंचे। शिविर में हितग्रहियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व भी समझाया गया । शिविर स्थल पर विभिन्न सरकारी विभागों एवं नगर निगम द्वारा जोनवार अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे। इन कांउटरों पर पहुंचकर हितग्रहियों ने शासन की लोक-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद जिस योजना के लिए जो हितग्राही पात्र थे, उन्होंने आवेदन किए। आवेदनकर्ताओं को मौके पर ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।

**हितग्राहियों को हितलाभ का किया वितरण**

जनकल्याण शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा 456 हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किए गए। जिसमें समस्त प्रकार की पेंशन के 209 हितग्राही, सम्बल योजना के 20, लाडली लक्ष्मी योजना के 15, मातृ वंदना योजना के 04, आयुष्मान भारत योजना के 15, पीएम स्व निधि योजना के 124, मृत्यु प्रमाण पत्र के 09, जन्म प्रमाण पत्र के 02, महिला कामकाजी योजना के 50, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना के 06, अविवादित नामांतरण 01, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना का एक हितग्राही शामिल हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई। इस प्रदर्शनी का अतिथियों द्वारा शुभारंभ कर अवलोकन किया।

## 3 साल तक आश्रम का 'राम' बनकर रहा मूक-बधिर बच्चा, अब 'रहीम' बनकर लौटेगा अपने परिवार के पास

सागर (ए.)। कहते हैं कि मजहब, जाति और भाषा की दीवारें सिर्फ इंसानों के दिमाग में होती हैं, दिल में तो सिर्फ मोहब्बत और इंसानियत



बसती है। इस बात को सच साबित कर दिखाया है मध्य प्रदेश के सागर जिले में स्थित 'घरौंदा आश्रम' ने।यहाँ कुछ ऐसी अनूठी और मार्मिक कहानी सामने आई है, जो आज के दौर में सांप्रदायिक सौहार्द और निस्वार्थ प्रेम की सबसे बड़ी मिसाल बन गई है। लगभग तीन वर्षों से अपने परिवार से बिछड़ा एक मासूम बच्चा, जो इस आश्रम का 'राम' था, अब 'रहीम' बनकर अपने असली माता-पिता के पास लौटने को तैयार है।आश्रम की संचालिका प्रीति यादव ने शुक्रवार को बताया कि यह पूरा मामला करीब तीन वर्ष पुराना है, जब सागर जिले में एक मूक-बधिर बालक लावारिस और बेहद दयनीय अवस्था में उन्हें मिला था। वह बच्चा न तो बोल सकता था और न ही सुन सकता था। ऐसे में वह अपना नाम, पता या अपने माता-पिता के बारे में कुछ भी बताने में पूरी तरह असमर्थ था। उसकी पहचान पूरी तरह से अज्ञात थी। उन्होंने इस बेसहारा बच्चे की उंगली थामी और उसे अपने आश्रम में आश्रय दिया। प्रीति यादव ने बिना किसी भेदभाव के उसे अपने सगे बच्चे की तरह पालन-पोषण शुरू किया।पहचान न होने के कारण आश्रम प्रबंधन और वहाँ रहने वाले लोगों ने उस बच्चे को बेहद प्यार और आदर से 'राम' नाम दिया। बीते तीन सालों में 'राम' ने आश्रम के हर सदस्य के दिल में अपनी जगह बना ली। उसकी मासूमियत पर हर कोई अपना दिल हार बैठता था।

## सहायक प्रबंधक रिश्वत लेते रंगे हाथ सीबीआई ने पकड़ा, कियोस्क अनुमति के बदले मांगे थे 10 हजार रुपए





शहडोल(ए.)। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहायक प्रबंधक अभ्यंकर शर्मा को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जबलपुर की टीम ने की। प्रबंधक को बैंकिंग कियोस्क संचालन की अनुमति देने के बदले रिश्वत मांगने के आरोप में पकड़ा गया है। कार्रवाई शहडोल निवासी दीपेंद्र सिंह की शिकायत पर की गई। फरियादी ने जिले में चार बैंकिंग कियोस्क खोलने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में आवेदन किया था। आरोप है कि इस प्रक्रिया के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ सहायक प्रबंधक अभ्यंकर शर्मा ने प्रस्ताव स्वीकृत करने और आवश्यक अनुमति जारी करने के एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत की लगातार मांग से परेशान होकर फरियादी ने सीबीआई जबलपुर इकाई के पुलिस अधीक्षक एस.के. राठी से शिकायत की। शिकायत के प्रारंभिक सत्यापन के बाद सीबीआई ने कार्रवाई की योजना बनाई। योजना के तहत गुरुवार की रात शिकायतकर्ता रिश्वत की रकम लेकर बैंक अधिकारी से मिलने पहुंचे। बताया गया कि प्रबंधक ने बैंक परिसर के बाहर गुरुद्वारे के पास दीपेंद्र सिंह से 10 हजार रुपए लिए। जैसे ही उसने रिश्वत की राशि अपने कब्जे में ली, पहले से निगरानी कर रही सीबीआई टीम ने उसे मौके पर ही धर दबोचा।

### हिरासत में लेकर प्रबंधक से पूछताछ

सीबीआई अधिकारियों ने प्रबंधक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की गईं और रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली गई। सूत्रों के अनुसार, प्रबंधक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी सहायक प्रबंधक ग्वालियर का रहने वाला है, जिसके चलते सीबीआई टीम ने उसके ग्वालियर स्थित आवास पर भी छापामार कार्रवाई की है। सीबीआई की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# व्यापार समाचार

## स्पेसएक्स के आईपीओ से एलन मस्क की संपत्ति 970 अरब डॉलर के पार पहुंची, दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बनने के करीब

नई दिल्ली (ए.)। एलन मस्क की अंतरिक्ष और सैटेलाइट कंपनी स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कॉर्प (स्पेसएक्स) ने अपने अब तक के सबसे बड़े प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के साथ इतिहास रच दिया है, जिससे यह सबसे बड़ी सार्वजनिक कंपनियों के टॉप लिस्ट में पहुंच गई है, और इसी के साथ कई रिपोर्टों के अनुसार, इसके संस्थापक एलन मस्क की कुल संपत्ति बढ़कर 970 अरब डॉलर से ज्यादा हो गई है, जिससे वह दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर (1 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति वाले व्यक्ति) बनने के और करीब आ गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पेसएक्स ने अपने शेयरों की कीमत 135 डॉलर प्रति शेयर तय की है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने लगभग 75 अरब डॉलर जुटाए हैं, जिसे इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ बताया जा रहा है, जिसके बाद कंपनी का कुल मूल्यांकन करीब 1.77 ट्रिलियन डॉलर हो गया है।स्पेसएक्स के शेयर 12 जून को नैस्डैक स्टॉक एक्सचेंज पर 'एसपीसीएक्स' टिकर नाम से लिस्ट होकर कारोबार शुरू करेंगे।

आईपीओ की कीमत तय होने के बाद एलन मस्क की संपत्ति में लगभग 275 अरब डॉलर की बढ़ोतरी होने का अनुमान है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 971 अरब डॉलर तक पहुंच गई है (ब्लूमबर्ग बिलियनर्स इंडेक्स के अनुसार)। आईपीओ मूल्यांकन के आधार पर स्पेसएक्स में एलन मस्क की हिस्सेदारी और शेयर विकल्पों का मूल्य लगभग 688 अरब डॉलर आंका गया है। नियामकीय दस्तावेजों के अनुसार, 1 मई तक मस्क के पास 84.94 करोड़ क्लास-ए शेयर और 557 करोड़ क्लास-बी शेयर थे। दोनों श्रेणियों को मिलाकर उनके पास कुल लगभग 642 करोड़ शेयर हैं।

## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला : पेट्रोल पंपों से थोक में डीजल-पेट्रोल खरीदने पर रोक

नई दिल्ली, (ए.)। भारत सरकार ने पेट्रोल (मोटर स्पिरिट) और हाई-स्पीड डीजल की बिक्री को लेकर नए प्रतिबंध लागू किए हैं। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, अब रिटेल पेट्रोल पंपों से बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदने पर रोक रहेगी और संस्थागत व व्यावसायिक उपभोक्ताओं को अपनी जरूरत का ईंधन उनके निर्धारित उपभोक्ता या कैप्टिव पंपों से ही लेना होगा। सरकार का कहना है कि यह कदम रियायती या रिटेल कीमतों पर मिलने वाले ईंधन के दुरुपयोग और दूसरी जगह बेचे जाने (डायवर्जन) को रोकने के लिए उठाया गया है। यह आदेश फिलहाल 90 दिनों तक लागू रहेगा, हालांकि सरकार चाहे तो इसे पहले वापस ले सकती है या इसमें बदलाव कर सकती है।

नए नियमों के तहत पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया गया है कि वे किसी एक ग्राहक या वाहन को एक दिन में 200 लीटर से अधिक डीजल न बेचें। इसके अलावा, पेट्रोल पंप से खरीदे गए डीजल को आगे दोबारा बेचने पर भी रोक लगा दी गई है। इससे बड़ी मात्रा में ईंधन की आवाजाही पर निगरानी और सख्त होगी। सरकार ने कहा कि इस फैसले का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रिटेल पेट्रोल पंपों पर बिकने वाला ईंधन मुख्य रूप से आम उपभोक्ताओं के उपयोग में आए। वहीं, बड़े संस्थानों और व्यावसायिक ग्राहकों को अपनी जरूरत का ईंधन अधिकृत माध्यमों से खरीदना होगा।

इस प्रतिबंध का असर बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदने वाले उपभोक्ताओं



पर पड़ सकता है। साथ ही, इससे तेल विपणन कंपनियों जैसे भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की मांग और वितरण व्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। इन कंपनियों की रिटेल ईंधन बिक्री पर निगरानी बढ़ने की संभावना है। इस घटनाक्रम के बाद तेल विपणन कंपनियों के शेयरों पर भी निवेशकों की नजर बनी रह सकती है।

यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव बना हुआ है। भारत को भी मध्य पूर्व में जारी भू-राजनीतिक तनावों के कारण आपूर्ति संबंधी दबावों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में देश में ईंधन की कीमतों में कई बार बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में 15 मई के बाद से पेट्रोल की कीमत लगभग 4.75 रुपए प्रति लीटर (करीब 5 प्रतिशत) बढ़ी है, जबकि डीजल की कीमत में 4.82 रुपए प्रति लीटर (लगभग 5.49 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हुई है। इसकी मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी बताई जा रही है।

हालिया मूल्य वृद्धि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के बाद हुई है, जिससे वैश्विक समुद्री व्यापार मार्ग प्रभावित हुए हैं। खासकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए होने वाली तेल आपूर्ति पर असर पड़ा है। दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल व्यापार इसी मार्ग से गुजरता है। आपूर्ति में बाधा आने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई हैं।

जहां अधिकांश देशों ने बढ़ी हुई लागत का बोझ जल्द ही उपभोक्ताओं पर डाल दिया, वहीं भारत ने लंबे समय तक घरेलू ईंधन कीमतों को स्थिर बनाए रखा। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, होर्मुज मार्ग में व्यवधान शुरू होने के बाद पहले 76 दिनों तक भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में एकमात्र देश था जिसने ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया था। इसके बाद कीमतों में संशोधन शुरू किया गया।

## सोना फिर 1.50 लाख के पार, चांदी में भी 2.43 लाख की तेजी

### - घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों ही बाजारों में कीमती धातुओं में जोरदार बढ़ोतरी

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका और ईरान के बीच संभावित परमाणु समझौते की उम्मीदों ने सोने और चांदी के वायदा भावों को पंख दे दिए हैं। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव कम होने की संभावना के चलते शुक्रवार को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों ही बाजारों में इन कीमती धातुओं में जोरदार तेजी देखने को मिल रही है, जिससे निवेशकों का रुझान एक बार फिर बुलियन की ओर बढ़ा है। घरेलू बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 1,663 रुपये की शानदार तेजी के साथ 1,50,595 रुपये के भाव पर खुला। यह अपने पिछले बंद भाव 1,48,932 रुपये से काफी ऊपर था। खबर लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 1,386 रुपये की मजबूती के साथ 1,50,318 रुपये पर कारोबार कर रहा था, जबकि दिन के उच्चतम स्तर 1,50,600 रुपये को भी छू चुका था। गौरतलब है कि इस साल सोने के वायदा भाव 1,80,779 रुपये के सर्वोच्च स्तर को छू चुके हैं। चांदी के वायदा भावों में भी जबरदस्त उछाल देखा गया। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 3,123 रुपये की तेजी के साथ 2,42,776 रुपये पर खुला, जो इसके पिछले बंद भाव 2,39,653 रुपये से काफी अधिक था। फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 3,826 रुपये की बढ़त के साथ 2,43,479 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा है। दिन के कारोबार में चांदी ने 2,44,817 रुपये का उच्च स्तर छुआ। इस साल चांदी ने 4,20,048 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर को छुआ था।

## आरबीआई ने रद्द किए 135 फाइनेंस कंपनियों के लाइसेंस, कहीं आपने भी तो नहीं लिया है लोन? जानिए क्या होगा असर

मुंबई (ए.)। देश के वित्तीय बाजार को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने एक बेहद सख्त कदम उठाया है। नियमों की अनदेखी और गड़बड़ी करने वाली 135 नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (NBFC) के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट आरबीआई ने रद्द कर दिए हैं। इस लिस्ट में पश्चिम बंगाल से




लेकर मुंबई तक की कई कंपनियां शामिल हैं। आरबीआई की इस बड़ी कार्रवाई के बाद अब आम लोगों के मन में अपने पैसों और लोन को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। क्या होती हैं एनबीएफसी और कैसे करती हैं कामनॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियां भी आम बैंकों की तरह ही लोगों को लोन देने, निवेश करने और शेयर या बॉन्ड खरीदने जैसी वित्तीय सुविधाएं प्रदान करती हैं। हालांकि, इन कंपनियों के पास पूरी तरह से बैंकिंग का लाइसेंस नहीं होता है। इसका सीधा मतलब यह है कि ये आम बैंकों की तरह ग्राहकों से सेविंग या करंट अकाउंट के जरिए डिमांड डिपॉजिट नहीं ले सकती हैं। इसके अलावा, ये फाइनेंस कंपनियां न तो खुद के चेक जारी कर सकती हैं और न ही इनके पास अपना कोई पेमेंट सेटलमेंट सिस्टम होता है। रिजर्व बैंक की इस सख्त कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाना है। नियमों का पालन न करने वाली इन कंपनियों को हटाकर वित्तीय बाजार को पहले से ज्यादा सुरक्षित बनाया गया है। सबसे अहम बात यह है कि जिन ग्राहकों का इन 135 कंपनियों में से किसी के पास लोन चल रहा है, उनका लोन पहले की तरह ही चलता रहेगा।

## भारतीय शेयर बाजार में तूफानी तेजी, निवेशकों पर हुई 10 लाख करोड़ की झमाझम बारिश



मुंबई(ए.)। अमेरिका-ईरान के बीच के बीच तनाव कम होने से भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में जोरदार तेजी देखने को मिली। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,695.40 अंक या 2.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,527.95 और निफ्टी 461.30 अंक या 1.99 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,622.90 पर बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई, जिससे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप करीब 10 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 462 लाख करोड़ रुपए हो गया है। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,442.70 अंक या 2.43 प्रतिशत बढ़कर 60,768.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 494.35 अंक या 2.80 प्रतिशत बढ़कर 18,197.45 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, इंटरग्लोब एविएशन, टाइटन, इटरनल, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, ट्रेंट और अदाणी पोर्ट्स गेनर्स थे। केवल टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड ही लाल निशान में बंद हुए। बाजार में निफ्टी रियल्टी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी इन्फ्रा, निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी ऑटो और निफ्टी एनर्जी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले सूचकांक थे। केवल निफ्टी आईटी ही 0.09 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार में तेजी की वजह अमेरिका और ईरान में शांति समझौते की संभावनाओं को माना जा रहा है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी मेहर की रिपोर्ट के मुताबिक, तेहरान और वाशिंगटन के बीच प्रस्तावित समझौते में प्रतिबंधों और हॉर्मुज स्ट्रेट से अमेरिकी नौसेना की ब्लॉकेज हटाने और ईरान के चारों तरफ अमेरिकी सेना के घेराव को समाप्त करना शामिल है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## कीमत चुकानी पड़ रही

सफल औद्योगिक राष्ट्र वे रहे हैं, जिन्होंने जिस उत्पाद पर ध्यान केंद्रित किया, उसकी पूरी आपूर्ति श्रृंखला अपने यहां स्थापित की। सफलता का एक सूत्र यह भी है कि उत्पादित वस्तुओं का एक बड़ा घरेलू बाजार भी हो।

दुनिया भर में सेमीकंडक्टर उद्योग इस समय 'मेमफ्लेशन' की चुनौती का सामना कर रहा है। इस शब्द का अर्थ है मेमरी चिप्स की कमी के कारण बढ़ी महंगाई। मेमरी चिप्स की कीमत आसमान पर है, जिससे सेमीकंडक्टर महंगे हो गए हैं। इनका भारी असर उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों-खासकर मोबाइल फोन के उत्पादन पर पड़ा है। भारत के लिए ये घटनाक्रम इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि मेक इन इंडिया और चाइना+1 रणनीति की कोई सफलता अपने देश में है, तो वह मोबाइल फोन की मैनुफैक्चरिंग (अथवा असेंबलिंग) है। हालिया वर्षों में भारत से मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ा है। मगर साथ ही मोबाइल फोन के पाट-पुर्जों का आयात भी बढ़ा है, जो ज्यादातर चीन, दक्षिण कोरिया या ताइवान जैसे देशों से होता है। जो चीजें बाहर से आती हैं, उनमें मेमरी चिप्स भी हैं।

नतीजतन, ताजा ट्रेंड से भारत स्थित कारखानों की मुश्किलें बढ़ी हैं। एक अन्य खबर है कि अमेरिका में आयात शुल्क संबंधी जारी अनिश्चय के कारण भारत से सोलर मॉड्यूल का निर्यात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस वर्ष की पहली तिमाही में सिर्फ एक को छोड़कर अमेरिका के लिए बाकी सभी भारतीय कंपनियों का निर्यात शून्य रहा। सोलर पैनल्स पर ट्रंप प्रशासन ने 230 फीसदी टैरिफ लगा रखा है, जबकि भारतीय सौर उद्योग का अमेरिका प्रमुख बाजार है। तो सार यह कि जहां मोबाइल फोन उद्योग आयात निर्भरता के कारण पैदा हुई चुनौती झेल रहा है, वहीं सौर ऊर्जा उद्योग निर्यात निर्भरता संबंधी।

तो सबक क्या है? सफल औद्योगिक राष्ट्र वे रहे हैं, जिन्होंने जिस उत्पाद पर ध्यान केंद्रित किया, उसकी पूरी आपूर्ति श्रृंखला अपने यहां स्थापित की। इसीलिए इंडस्ट्रीयल पार्कों को इतनी अहमियत दी जाती है। साथ ही सफलता का एक सूत्र यह भी है कि उत्पादित वस्तुओं का एक बड़ा घरेलू बाजार हो, जो भू-राजनीतिक एवं व्यापार जनित संकटों के समय संबंधित उद्योग का सहारा बना रहे। भारत में उद्यम के जो सफल क्षेत्र हैं, अब साफ है कि उनमें इन पहलुओं की उपेक्षा की गई। उन्हें अर्थव्यवस्था के समग्र विकास की सोच से इतर स्थापित किया गया। अब उसकी कीमत चुकानी पड़ रही है।

# फिर सुलग रही खाड़ीः होर्मुज जलडमरूमध्य बंद, दुनियाँ में हड़कंप

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर पश्चिम एशिया एक बार फिर वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल का केंद्र बन गया है। 11 जून 2026 को स्थिति तब और गंभीर हो गई जब ईरान ने अमेरिका के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के बीच दुनियाँ के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य, को सभी वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों के लिए बंद करने की घोषणा कर दी। ईरानी सैन्य नेतृत्व ने चेतावनी दी है कि जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश करने वाले किसी भी जहाज को निशाना बनाया जाएगा। यह कदम कथित रूप से अमेरिका और ईरान के बीच समुद्री टकराव तथा अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों के बाद उठाया गया है। इसके साथ ही वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भारी बेचैनी फैल गई है। ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 95.40 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई लगभग 92.6 डॉलर प्रतिबैरल तक पहुंच गया है। दुनियाँ की लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस आपूर्ति इसी मार्ग से गुजरती है, इसलिए इस घटनाक्रम ने ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक व्यापार, मुद्रास्फीति और आर्थिक स्थिरता को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने भी खाड़ी क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों पर बढ़ते हमलों और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताव्यक्त की है। वर्तमान घटनाक्रम केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह बिल्कुल सही है कि़ होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व



ऊर्जा व्यवस्था की धुरी माना जाता है। फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला यह संकरा समुद्री मार्ग सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, इराक और ईरान जैसे प्रमुख ऊर्जा उत्पादक देशों के निर्यात का मुख्य रास्ता है। सामान्य परिस्थितियों में प्रतिदिन करोड़ों बैरल तेल और विशाल मात्रा में एलएनजी इसी मार्ग से दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचती है। यही कारण है कि जब भी इस जलमार्ग में व्यवधान आता है, उसका असर सीधे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों पर दिखाई देता है। वर्तमान संकट में भी निवेशकों और ऊर्जा कंपनियों ने आपूर्ति बाधित होने की आशंका को देखते हुए तेल खरीदना शुरू कर दिया,जिसके परिणामस्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल उछाल देखने को मिला। साथियों, अंतरराष्ट्रीय बाजारों की पहली प्रतिक्रिया तेल कीमतों में तेजी के रूप में सामने आई है। ब्रेंट क्रूड लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया है जबकि डब्ल्यूटीआई भी 92 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा है। ऊर्जा विश्लेषकों का मानना है कि यदि जलडमरूमध्य लंबे समय तक बंद रहता है या सैन्य संघर्ष और बढ़ता है तो तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर भी जा सकती हैं। वैश्विक वित्तीय बाजारों में भी अस्थिरता बढ़ने की आशंका है क्योंकि ऊर्जा लागत लगभग हर आर्थिक गतिविधि को प्रभावित करती है। साथियों, भारत के लिए यह संकट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि देश अपनी आवश्यकता का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। भारत की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से पूरा होता है और उसका एक बड़ा भाग होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। इसलिए इस मार्ग में किसी भी प्रकार की रुकावट का सीधा असर भारतीय ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ता है। यदि तेल की आपूर्ति प्रभावित होती है तो भारत का आयात बिल बढ़ेगा,चालू खाता घाटा बढ़ सकता है और रुपये पर दबाव पड़ सकता है। ऊर्जा आयात पर बढ़ती लागत अंततः उपभोक्ताओं तक पहुंचती है और महंगाई को बढ़ावा देती है।सबसे पहला प्रभाव पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर दिखाई दे सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होने से भारतीय तेल विपणन कंपनियों की लागत बढ़ जाती है। यदि मौजूदा तनाव कुछ और दिनों या सप्ताहों तक बना रहता है तो पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का अनुमान है कि लंबी अवधि तक ऊंचे तेल मूल्य बने रहने पर ईंधन की कीमतों में कई रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो सकती है। इसका सीधा असर आम नागरिकों, किसानों, उद्योगों और परिवहन क्षेत्र पर पड़ेगा।पेट्रोल और डीजल केवल वाहन चलाने का साधन नहीं हैं बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा हैं। डीजल की कीमत बढ़ने का अर्थ है कि ट्रकों, बसों और मालवाहक वाहनों की परिचालन लागत बढ़ जाएगी। जब परिवहन महंगा होता है तो फल, सब्जियां, दूध, अनाज, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ने लगती हैं। यही कारण है कि तेल कीमतों में वृद्धि को अक्सर 'महंगाई की जननी' कहा जाता है। एक बार यदि ईंधन लागत बढ़ती है तो उसका असर अर्थव्यवस्था के लगभग हर क्षेत्र में सटीकता से दिखाई देता है।साथियों, 7 जून 2026 से मृग लग गया है व खेती के कार्य शुरू हो चुके हैं,कृषि क्षेत्र भी इस संकट से अछूता नहीं रहेगा। भारत में सिंचाई, कृषि मशीनरी और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला का बड़ा हिस्सा डीजल पर निर्भर है।

# पीएम स्वनिधि योजनाः पथ विक्रेताओं के सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की परिवर्तनकारी यात्रा

मनोहर लाल

भारत में शहरीकरण तीव्र गति से बढ़ रहा है। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक देश की लगभग 50 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। वर्तमान में शहरी कार्यबल का लगभग 66 प्रतिशत हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ा है, जो शहरी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इस अनौपचारिक क्षेत्र में पथ विक्रेताओं की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। फल, सब्ज़ियाँ, चाय, नाश्ता, कपड़े तथा दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएँ उपलब्ध कराने वाले ये लाखों विक्रेता न केवल करोड़ों नागरिकों के जीवन को सुगम बनाते हैं, बल्कि शहरी अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करते हैं। इसके बावजूद, लंबे समय तक उनकी औपचारिक बैंकिंग और ऋण तक पहुँच सीमित रही। क्रेडिट हिस्ट्री के अभाव में उन्हें अक्सर ऊँची ब्याज दरों पर अनौपचारिक ऋण लेना पड़ता था, जिससे उनकी आय का बड़ा हिस्सा ऋण चुकाने में खर्च हो जाता था। भारतीय पथ विक्रेता बदलती वैश्विक परिस्थितियों और विभिन्न आर्थिक व्यवधानों के बीच भी अपनी दृढ़ता और संघर्षशीलता के लिए जाने जाते हैं। पीएम स्वनिधि ने उनकी इस उद्यमशीलता को नई ऊर्जा प्रदान की है। यह केवल ऋण उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रही, बल्कि सम्मान, पहचान और नए अवसरों का एक सशक्त माध्यम बनी है। योजना की सफलता का प्रमुख आधार सरकार का समग्र दृष्टिकोण रहा, जिसमें केंद्र, राज्य, शहरी स्थानीय निकायों और बैंकिंग संस्थानों के समन्वित प्रयासों ने इसे देशभर अभूतपूर्व रूप से पहुँचाया तथा उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किये। इस योजना के अंतर्गत लाखों विक्रेताओं के बैंक खाते सक्रिय हुए, उनका वित्तीय व्यवहार दर्ज होने लगा और पहली बार उनके लिए एक औपचारिक क्रेडिट हिस्ट्री का निर्माण हुआ। इससे भविष्य में और अधिक ऋण तथा वित्तीय सेवाओं तक उनकी पहुँच आसान हुई और वे आज बैंक के सम्मानित ग्राहक और उद्यमी के रूप में उभरे हैं।

इस योजना का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू डिजिटल सशक्तिकरण है। यूपीआई और क्यूआर-कोड आधारित भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कैशबैक प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है। इस पहल ने अभी तक 55 लाख विक्रेताओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा, उनके लेन-देन को पारदर्शी बनाया और उनकी वित्तीय साख को मजबूत किया है।

योजना की सोच केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं रही। 'स्वनिधि से समृद्धि' पहल के माध्यम से लाभार्थियों और उनके परिवारों को भारत सरकार की आठ प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। अब तक 50 लाख से अधिक पथ विक्रेता परिवारों की प्रोफाइलिंग की जा चुकी है तथा इन योजनाओं के अंतर्गत 1.52 करोड़ से अधिक लाभ स्वीकृत किए जा चुके हैं। पेंशन, बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाओं तक पहुँच प्रदान कर यह पहल पथ विक्रेताओं और उनके परिवारों के लिए एक व्यापक सामाजिक सुरक्षा तंत्र का माध्यम बनी है।

इसके अतिरिक्त एफएसएसएआई के सहयोग से खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किए गए हैं, जिससे विशेष रूप से स्ट्रीट फूड विक्रेताओं की गुणवत्ता, स्वच्छता और ग्राहक विश्वास में वृद्धि हुई है।

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी योजना का योगदान उल्लेखनीय रहा है। कुल लाभार्थियों में लगभग 46 प्रतिशत महिलाएँ हैं। इससे उनकी आय, सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है।

वर्ष 2023 और 2025 में की गयी इंडिपेंडेंट इम्पैक्ट अस्सेस्मेंट्स ने भी योजना के दूरगामी प्रभावों की पुष्टि की है। लगभग 95 प्रतिशत लाभार्थियों ने अपने जीवन में पहली बार औपचारिक वित्तीय प्रणाली से ऋण प्राप्त किया, जो वित्तीय समावेशन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इतना ही नहीं, बल्कि, लगभग 30 प्रतिशत लाभार्थी पीएम स्वनिधि से आगे बढ़कर अन्य औपचारिक वित्तीय संस्थानों से भी ऋण प्राप्त करने में सफल हुए, जो उनके बढ़ते वित्तीय विश्वास और सुदृढ़ क्रेडिट प्रोफाइल का प्रमाण है।

योजना के लाभार्थियों की आय में औसतन लगभग 20 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही आवास, पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं और बच्चों की शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी सुधार देखा गया है। वर्ष 2023 से 2025 के बीच यूपीआई आधारित लेन-देन का उपयोग लगभग 45 प्रतिशत से बढ़कर 83 प्रतिशत तक पहुँच गया है।

योजना के व्यापक और सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए अगस्त 2025 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसके पुनर्गठित स्वरूप को मार्च 2030 तक विस्तारित करने की स्वीकृति प्रदान की।

पुनर्गठित योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं के ऋण की सीमा में वृद्धि की गई है तथा योजना का दायरा शहरी स्थानीय निकायों से आगे बढ़ाकर जनगणना नगर/शहरी-सीमावर्ती क्षेत्र तक विस्तारित किया गया है। इसके साथ ही, क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि पथ विक्रेता बदलती आर्थिक आवश्यकताओं के अनुरूप अपने उद्यमों को और अधिक सशक्त बना सकें। इसी क्रम में स्वनिधि क्रेडिट कार्ड की शुरुआत भी एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुविधा पथ विक्रेताओं को उनकी तत्काल वित्तीय और व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अल्पकालिक ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराती है।

यद्यपि, पीएम स्वनिधि योजना ने सड़क विक्रेताओं को वित्तीय सशक्तिकरण प्रदान की है, फिर भी आज, कई जगह उन्हें शहर की नियोजन संरचना का हिस्सा नहीं माना जाता है। उन्हें सुनियोजित वेंडिंग स्थानों के अभाव जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। निश्चित स्थान न होने से उनकी आजीविका और ग्राहकों तक पहुँच प्रभावित होती है। इस चुनौती के समाधान हेतु आने वाले वर्षों में, राज्य सरकारों और शहरी स्थानीय निकायों के द्वारा पथ विक्रेताओं को शहरी नियोजन ढाँचे का अभिन्न हिस्सा बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस दिशा में एक छोटी सी पहल - स्ट्रीट फूड हब के माध्यम से उन्हें सुगम एवं व्यवस्थित व्यापारिक स्थान उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे न केवल उनकी आजीविका अधिक सुदृढ़ होगी, बल्कि शहरों की स्वच्छता, सुव्यवस्था और समग्र शहरी वातावरण को भी बढ़ावा मिलेगा।

यह योजना आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करती है। पीएम स्वनिधि की सफलता इस बात का प्रमाण है कि समावेशी विकास का लाभ जमीनी स्तर तक पहुँच रहा है।

## (विचार-मंथन) जेन-जी महंगाई और बेरोजगारी से परेशान, सपनों में जी रहा

**सनत जैन**

पूरी दुनिया में जेन-जी की आबादी चिंता का कारण बनती चली जा रही है। यह युवा आबादी ना तो अपने परिवार के बारे में सोचती है, नाही समाज के बारे में सोचती है, यह केवल अपने बारे में सोचती है। इसके पास शिक्षा की डिग्रियां भी हैं, लेकिन डिग्री के अनुरूप ज्ञान नहीं है। जीवन जीने का कोई अनुभव नहीं है। वह कोई चीज सीखना भी नहीं चाहते हैं। किसी चीज से जुड़ते हैं और उसे जल्दी ही छोड़ देते हैं। उनका सबसे ज्यादा समय सोशल मीडिया और इंटरनेट पर बीत रहा है, जिसके कारण वह सामान्य ज्ञान से भी दूर होते चले जा रहे हैं। वर्तमान की जो युवा पीढ़ी है वह डिग्री लेकर बड़े-बड़े सपने देखती है लेकिन डिग्री के अनुरूप उसके पास ना तो कोई ज्ञान होता है नाही वह कोई काम करना चाहता है जिसके कारण यह युवा पीढ़ी एक बड़ी चिंता का कारण भी बन रही है। जेन-जी को ना तो वामपंथी विचारधारा पर विश्वास है ना ही उसे पूंजीवाद पर विश्वास है, वह पूरी तरह से सेल्फिश होकर केवल अपने बारे में सोचती है। उसे अपने परिवार और मां-बाप की कठिनाइयों से भी कोई सरोकार नहीं रहता है। वह जब भी बात करता है केवल अपने हित की बात करता है। वह अपने माता-पिता और परिवार से दूर रहकर केवल अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने परिवार से उतना ही जुड़ता है जो उसकी जरूरत पूरी करने के लिए जरूरी होती हैं। भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, यूरोपीय देश सभी में जेन-जी के इस बर्ताव से सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्था में अब एक तनाव देखने को मिल रहा है। हाल ही में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट आफ पॉलिटिक्स ने 2020 से 2025 के बीच जो सर्वे किया था उसमें यह बात खुलकर सामने आई कि इस युवा पीढ़ी को पूंजीवाद वामपंथ समाजवाद इत्यादि विचारधारा से कोई लेना-देना नहीं है। यह केवल अपनी जरूरत से जुड़कर ही अपनी बात रखता है। मेरा किराया कम करो, फीस माफ करो, मुफ्त बस सेवा दो, मुझे नौकरी दो, नौकरी भी सबसे अच्छी वाली चाहिए है, जिसमें बड़ा वेतन मिलता हो, कॉरपोरेट ऑफिस हो।




मेष -लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

वृष -अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

मिथुन-समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

कर्क -मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

सिंह -संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

कन्या -पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

तुला -माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

वृश्चिक -नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा।

धनु -कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

मकर -कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी।

कुम्भ -शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

मीन -पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी।

# फीफा विश्व कपः जहाँ आँसू भी एक भाषा बन जाते हैं और खुशी भी

[फुटबॉलः जो बताता है कि सबसे बड़ी ताकत साथ होना है]

[फीफा विश्व कपः जो सीमाओं की परिभाषा पर प्रश्न खड़ा करता है]

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

कभी-कभी एक सीटी, एक गोल और एक मैदान पूरी दुनिया को एक परिवार बना देते हैं। 11 जून 2026 को एस्टाडियो एज्टेका में मेक्सिको की दक्षिण अफ्रीका पर 2-0 की जीत के साथ केवल विश्व कप नहीं शुरू हुआ, बल्कि फुटबॉल ने अपने इतिहास का सबसे विराट अध्याय खोला। 1970 और 1986 के बाद तीसरी बार उद्घाटन मैच का साक्षी बना एज्टेका अद्वितीय बन गया। तीन देशों की संयुक्त मेजबानी, 48 टीमों की अभूतपूर्व भागीदारी, 104 मुकाबलों और 39 दिनों का यह महाउत्सव खेल से आगे बढ़कर मानवता का साझा उत्सव बन चुका है। यहां हर गोल केवल जाल नहीं हिलाता, बल्कि सरहदों के पार दिलों को भी जोड़ता है। फुटबॉल एक बार फिर साबित कर रहा है कि दुनिया को जीतने की सबसे बड़ी ताकत हथियारों में नहीं, सपनों और भावनाओं में बसती है।

विश्व कप का इतिहास उन आंखों की कहानी है जिनमें असंभव सपने पलते हैं। 1930 में उरुग्वे से शुरू हुई यह यात्रा 2022 में मेस्सी के स्वर्णिम अध्याय तक अनगिनत किंवदंतियां रच चुकी है। ब्राजील का गौरव, जर्मनी का अनुशासन और अर्जेंटीना का जुनून राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक हैं। 2026 का विश्व कप अपने विस्तार और समावेशिता से अलग पहचान बना रहा है। 48 टीमों और 12 समूहों के नए प्रारूप में शीर्ष दो के साथ आठ सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों को भी नॉकआउट का अवसर मिला है। यही इसकी ताकत है।



कुराकाओ, उज्बेकिस्तान, जॉर्डन और केप वर्डे का पदार्पण और 52 वर्षों बाद हैती की वापसी बताती है कि फुटबॉल अब केवल शक्तिशाली देशों का मंच नहीं, बल्कि सपनों की मंजिल है।अलग दिशाओं की हवाएं एक लय में बहने लगती हैं, तब विश्व इतिहास नया रूप लेता है। मेक्सिको, कनाडा और अमेरिका ने मिलकर विश्व कप की सबसे बड़ी संयुक्त मेजबानी तैयार की है। मेक्सिको सिटी की ऊंचाई, टोरंटो की ठंडक और लॉस एंजिलिस की चमक के बीच 16 शहर एक साझा उत्सव में जुड़े हैं। यह आयोजन दिखाता है कि खेल सीमाओं से बड़ा होता है। न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में फाइनल पहली बार सुपर बाउल शैली के भव्य हाफटाइम शो के साथ और भी यादगार बनेगा। यह महाआयोजन खेल और वैश्विक संस्कृति के संगम से जन्मी साझेदारी, आस्था और उम्मीद की गाथा है, जो विभाजन की छाया में डूबी दुनिया में उजाले की किरण बनकर उभरता है।

जब खेल मैदान विज्ञान की प्रयोगशाला में बदल जाता है, तब फुटबॉल केवल मुकाबला नहीं, भविष्य का अनुभव बन जाता है। अर्ध-स्वचालित ऑफसाइड तकनीक, खिलाड़ियों के डिजिटल 3-डी अवतार, एआई आधारित विश्लेषण, कनेक्टेड बॉल और हाफटाइम इंटरव्यू जैसी व्यवस्थाएं खेल अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। चार पैनलों वाली ट्रियोन्डा गेंद ने ऊंचाई वाले मैदानों में नई उड़ान और रोमांच पैदा किया है। अब दर्शक सिर्फ खेल नहीं देखते, बल्कि रीयल-टाइम डेटा और विश्लेषण के साथ उसे गहराई से महसूस करते हैं। यह रूप दिखाता है कि परंपरा और नवाचार विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं—जहां खिलाड़ी वर्तमान हैं और तकनीक भविष्य की आहट।इस विश्व कप की असली ताकत उसका विस्तार नहीं, बल्कि उसकी समावेशिता है। अफ्रीका, एशिया और ओशिनिया को अधिक प्रतिनिधित्व मिला है, जिससे यह प्रतियोगिता सचमुच वैश्विक रूप लेती है। नॉर्वे की 28 वर्षों बाद वापसी, स्कॉटलैंड और ऑस्ट्रिया का लंबे इंतजार का अंत तथा नए देशों का आगमन इसे और जीवंत बनाते हैं। मेजबान देशों के लाखों युवा विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को देखकर प्रेरित हो रहे हैं। किसी युवा का पहला विश्व कप गोल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के सपनों का उत्सव बन जाता है। यही कारण है कि फुटबॉल राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर मानवीय एकता का प्रतीक बनता है—एक ऐसा पुल जो भाषा, संस्कृति और सीमाओं की दूरियां मिटा देता है।निश्चित रूप से इस विराट आयोजन के समक्ष अनेक चुनौतियां भी उपस्थित हैं। तीन देशों के बीच लंबी यात्राएं, अलग-अलग समय क्षेत्र, मौसम का अंतर, गर्मी और ऊंचाई खिलाड़ियों की शारीरिक परीक्षा लेते हैं।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से की मुलाकात, अनंतनाग में वंदे भारत ट्रेन के नए ठहराव की घोषणा

नई दिल्ली/श्रीनगर, (आरएनएस)। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से चल रही और आगामी रेलवे परियोजनाओं पर चर्चा की गई।इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान, प्रतिष्ठित जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस का अनंतनाग में एक व्यावसायिक ठहराव (कमर्शियल स्टॉपेज) शुरू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। यह रणनीतिक ठहराव दैनिक यात्रियों, पर्यटकों और व्यापारियों को महत्वपूर्ण रूप से लाभान्वित करेगा, जिससे कश्मीर के सबसे प्रमुख आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्रों में से एक के लिए, एक तेज़ और अधिक विश्वसनीय परिवहन संपर्क उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में भारतीय रेलवे की इस परिवर्तनकारी पहल की गहरी सराहना की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि वंदे भारत सेवा ने जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा को पूरी तरह से एक नया रूप दिया है, जिससे यात्रा के समय में कमी आई है और स्थानीय निवासियों व आगंतुकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और आराम मिला है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ,(आरएनएस)। लखनऊ के मोहनलालगंज थाने की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट एवं बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

पीड़िता की ओर से थाना मोहनलालगंज में एक लिखित शिकायत दिया गया था। शिकायत में बताया गया कि लगभग 3 वर्ष पहले जब वह 10वीं की छात्रा थी और नाबालिग थी, उस दौरान उसकी पहचान गौरव से हुई थी। आरोप है कि आरोपी विद्यालय आने-जाने के दौरान उससे संपर्क स्थापित करता था और धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत होने लगी।

शिकायत में कहा गया है कि अभियुक्त उसे अपनी बातों में फंसाकर शादी का आश्वासन देने लगा तथा विद्यालय छोड़ने एवं वापस लाने के बहाने उसके निकट संपर्क में रहा। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने विवाह का झूठा आश्वासन देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी की ओर से अपने परिजनों से भी विवाह के संबंध में बातचीत कराकर पीड़िता को विश्वास दिलाया गया। बाद में जब पीड़िता ने विवाह करने के लिए कहा तो आरोपी एवं उसके परिजनों ने विवाह से इंकार कर दिया। तहरीर के आधार पर मोहनलालगंज पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुटी।

### बिहार में बड़ा हादसा : तेज रफ्तार कार की ट्रक से भीषण टक्कर, तीन थाना प्रभारी समेत चार लोगों की मौत

बेगूसराय,(आरएनएस)। बिहार के बेगूसराय जिले में शुक्रवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में मधेपुरा जिले के तीन थाना प्रभारी भी शामिल थे। फिलहाल, पुलिस ने इस हादसे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी सामने आई कि तेज रफ्तार कार ने एक ट्रक में पीछे से जबरदस्त टक्कर मारी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका आधा हिस्सा ट्रक के पिछले हिस्से में फंस गया। घटना साहेवपुर कमाल थाना क्षेत्र के बखड्डा स्थित एनएच 31 के पास की है।बताया जा रहा है कि कार में चार पुलिसकर्मी थे, जिसमें तीन मधेपुरा जिले में तैनात तीन थाना प्रभारी भी थे। वे पटना से एकदिवसीय प्रशिक्षण लेकर एक ही गाड़ी में सवार होकर मधेपुरा जिला लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और ट्रक से पीछे से टकरा गई। इस घटना के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही बेगूसराय एसपी मनीष कुमार और सदर डीएसपी आनंद पांडेय समेत भारी संख्या में पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। मृतकों की पहचान साजन पासवान रतवारा थाना प्रभारी, नीरज कुमार बेलारी थाना प्रभारी, ज्ञानेंद्र अमरेंद्र आरर थाना प्रभारी और निजी कार चालक ज्योतिष कुमार के रूप में की गई है।दो थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र व नीरज कुमार और ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक थाना प्रभारी साजन पासवान को स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान कुछ ही देर के बाद मौत हो गई। इस तीन पुलिस अधिकारी समेत चार की मौत की खबर लगते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई।इस घटना के संबंध में बेगूसराय पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि देर रात ये हादसा हुआ है। इसमें चार लोगों की मौके पर मौत हो गई है, जिसमें तीन पुलिस अधिकारी और एक ड्राइवर शामिल थे। उन्होंने बताया कि घटना रात करीब 12.30 बजे हुई। उन्होंने कहा कि घटना की जांच चल रही है। पोस्टमार्टम किया जा रहा है और सभी कानूनी प्रक्रियाओं और नियमों का पालन किया जा रहा है।

# एनसीआर में मौसम ने ली करवट, पूरे सप्ताह राहत के आसार; बारिश, आंधी और वज्रपात का अलर्ट जारी

नोएडा,(आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। भीषण गर्मी और लू से परेशान लोगों को अब राहत मिलने लगी है। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश, तेज हवाओं और बादलों की आवाजाही के कारण तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।मौसम विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार 12 जून के लिए बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान में करीब 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है।आईएमडी के स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 12 जून को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। दिनभर गरज के साथ बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि सुबह, पूर्वाह्न, दोपहर और शाम के समय हल्की से बहुत हल्की वर्षा, आकाशीय बिजली तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाएं लोगों को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे में खुले स्थानों, पेड़ों



और बिजली के खंभों के पास खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के सात दिवसीय पूर्वानुमान के अनुसार 13 जून को भी मौसम का रुख नरम बना रहेगा। इस दिन अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। पूरे दिन गरज के साथ बारिश की संभावना जताई गई है, हालांकि इस दिन किसी विशेष चेतावनी की घोषणा नहीं की गई है। 14 जून को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे तथा कुछ स्थानों पर गरज-चमक की स्थिति विकसित हो सकती है। इस दिन भी कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है। वहीं 15 जून को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम मुख्य रूप से साफ रहने का अनुमान है, जिससे तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के प्रभाव से उत्तर भारत के मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। लगातार बदल रहे मौसम के कारण एनसीआर के लोगों को फिलहाल भीषण गर्मी और लू से राहत मिलेगी। अगले कुछ दिनों तक तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है, जिससे लोगों को सुहावने मौसम का अनुभव होगा। फिलहाल बारिश और बादलों की मौजूदगी ने एनसीआर में गर्मी का असर काफी हद तक कम कर दिया है और पूरे सप्ताह राहत का माहौल बने रहने की उम्मीद है।

## INDIGO फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, टेकऑफ से पहले रोकी गई उड़ान, यात्रियों में मचा हडकंप

लखनऊ,(आरएनएस)। लखनऊ से दिल्ली के लिए रवाना होने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2111 को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को हड़कंप मच गया।





सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विमान को टेकऑफ से पहले रोक लिया और उसकी गहन जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार, इंडिगो की यह फ्लाइट शुक्रवार को लखनऊ से दिल्ली के लिए निर्धारित थी। उड़ान भरने से ठीक पहले विमान में सुरक्षा से जुड़ा संभावित खतरा सामने आया, जिसके बाद स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत संबंधित एजेंसियों को तुरंत सूचित किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं और विमान की विस्तृत तलाशी ली गई। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक जांच प्रक्रियाएं अपनाई गईं। जांच पूरी होने और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद ही विमान को दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा।इस संबंध में इंडिगो के प्रवक्ता ने बयान जारी करते हुए कहा कि 12 जून 2026 को लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो फ्लाइट 6ई 2111 में टेकऑफ से ठीक पहले सुरक्षा से जुड़ा एक संभावित खतरा सामने आया। निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचित किया गया और आवश्यक सुरक्षा जांच में पूरा सहयोग किया जा रहा है। आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद विमान अपनी दिल्ली यात्रा पूरी करेगा।


## भारतीय शूटिंग के स्वर्ण युग का अंत... जसपाल राणा नहीं रहे, अस्पताल में लंबे समय से चल रहा था इलाज



नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय शूटिंग के दिग्गज और मशहूर कोच जसपाल राणा का शुक्रवार को 49 साल की उम्र में निधन हो गया। बता दें कुछ दिन पहले तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।। भारत के पिस्टल शूटर्स के लिए हाई-परफॉर्मेंस कोच के तौर पर काम कर रहे राणा को म्यूनिख (जर्मनी) में ISSF वर्ल्ड कप से भारत लौटते समय बेचैनी महसूस हुई थी। दिल्ली पहुंचने के बाद उन्हें साकेत के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चला। 12 जून को नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) ने उनके निधन की पुष्टि की।

भारत के सबसे प्रतिष्ठित पिस्टल शूटरों में से एक जसपाल राणा ने 1990 के दशक में इंटरनेशनल लेवल पर अपनी एक खास पहचान बनाई। उन्होंने एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन चैंपियनशिप में कई पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। उस दौर में जब भारत में शूटिंग जैसे खेल को उतनी लोकप्रियता नहीं मिली थी, राणा ने अपने शानदार प्रदर्शन से शूटिंग की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई थी।

इस खेल से संन्यास लेने के बाद राणा ने कोचिंग की दुनिया में कदम रखा और जल्द ही भारतीय शूटिंग के सबसे प्रभावशाली कोच में से एक बन गए। साल 2012 में उन्होंने नेशनल कोचिंग सिस्टम का हिस्सा बनकर जूनियर पिस्टल कार्यक्रम की कमान संभाली। उनकी देखरेख में सौरभ चौधरी, अनीश भानवाला और चिंकी यादव जैसे बेहतरीन निशानेबाज तैयार हुए, जिन्होंने आगे चलकर वर्ल्ड लेवल पर भारत का परचम लहराया।



*लखनऊ के इको गार्डन में, कथित परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन को कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके संबोधित करते हुए ।*

## लड़ाकू विमान के पुर्जो में बड़ा फर्जीवाड़ा, एचएएल ने पार्ट्स बनाने वाली कंपनी पर दर्ज कराई एफआईआर

बेंगलुरु,(आरएनएस)। भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ाने वाले स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) फाइटर जेट प्रोग्राम में एक बेहद चौंकाने वाला फर्जीवाड़ा सामने आया है। इस अहम रक्षा प्रोजेक्ट में एक सप्लायर द्वारा कथित तौर पर फर्जी टेस्ट रिपोर्ट जमा कर दी गईं। देश की सुरक्षा से जुड़े इस संवेदनशील मामले और गंभीर लापरवाही का संज्ञान लेते हुए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने सख्त एक्शन लिया है। एचएएल ने हैदराबाद की सप्लायर कंपनी टेक एयरो डिवाइस (TEC Aero Devices) के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवा दी है।

कैसे शुरू हुआ फाइटर जेट के पुर्जों में फर्जीवाड़े का खेल?

इस पूरे मामले की शुरुआत मार्च 2022 में हुई थी, जब एचएएल के एयरक्राफ्ट डिवीजन ने एलसीए एमके-1ए प्रोजेक्ट से जुड़े अहम कलपुर्जों की सप्लाई के लिए टेक एयरो डिवाइस को 18 परचेज ऑर्डर दिए थे। नियमों के तहत, शुरुआत में कंपनी के सैंपल्स, तकनीकी दस्तावेजों और टेस्ट रिकॉर्ड्स की बेहद कड़ी जांच की गई थी। इस रिव्यू के बाद सप्लायर को 35 अलग-अलग कैटेगरी के तहत कुल 172 तरह के आइटम बनाने की हरी झंडी दे दी गई थी। शुरुआती प्रक्रिया बिल्कुल सही चल रही थी, लेकिन असली परेशानी और फर्जीवाड़े का खेल तब शुरू हुआ जब थोक में माल की डिलीवरी का समय आया।

क्वालिटी चेक के नाम पर सौंप दीं 199 फर्जी रिपोर्ट

रक्षा खरीद के कड़े नियमों के मुताबिक, किसी भी सप्लायर को थोक में माल की डिलीवरी करते समय ओरिजिनल टेस्ट सर्टिफिकेट जमा करने अनिवार्य होते हैं। आरोप है कि टेक एयरो डिवाइस ने अपने पुर्जों के क्वालिटी पैरामीटर्स को साबित करने के लिए एचएएल को 199 टेस्ट रिपोर्ट सौंप दीं। इन रिपोर्ट्स में पुर्जों की मजबूती (टेन्साइल स्ट्रेंथ), कठोरता (हार्डनेस), ब्रेक लोड, नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग (NDT), माइक्रोस्ट्रक्चर एनालिसिस और साल्ट स्प्रे टेस्टिंग जैसी संवेदनशील जांचों के नतीजे शामिल थे।

# ममता बनर्जी को एक और झटका, सिर्फ 2 महीने में ही इस मशहूर एक्ट्रेस ने छोड़ी राज्यसभा की कुर्सी; अब सिर्फ 9 सांसद बचे

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। तीन राज्यसभा सांसदों के जाने के झटके से ममता बनर्जी अभी उबर भी नहीं पाई थीं कि अब उन्हें चौथा और बड़ा झटका लगा है। मशहूर बंगाली अभिनेत्री और



राज्यसभा सांसद कोयल मल्लिक ने उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनसे पहले सुखेंदु शेखर रे, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक भी इस्तीफा दे चुके हैं। कोयल मल्लिक राज्यसभा की चौथी सांसद बन गई हैं, जिन्होंने अचानक अपना पद छोड़ दिया है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उन्होंने टीएमसी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दिया है या नहीं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद से ही ममता बनर्जी को लगातार एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। सबसे पहले तीन दर्जन से अधिक विधायकों ने टीएमसी का साथ छोड़कर ममता को राजनीतिक हाशिए पर धकेल दिया था। इसके बाद काकोली घोष दास्तीदार के नेतृत्व में एक दर्जन लोकसभा सांसदों ने भी पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। एक समय 13 राज्यसभा सांसदों के दम पर केंद्र सरकार को चुनौती देने वाली ममता बनर्जी के लिए अब राज्यसभा में भी संकट गहरा गया है। उच्च सदन में इस बगावत की शुरुआत 8 जून को सुखेंदु शेखर रे के इस्तीफे के साथ हुई थी और अब नौबत यह आ गई है कि चार सांसद अपना पद छोड़ चुके हैं।

### महज 2 महीने पहले ही बड़े अरमानों से ली थी शपथ

ममता बनर्जी अक्सर मशहूर चेहरों को राजनीति में लाने के लिए जानी जाती हैं। इसी रणनीति के तहत उन्होंने बंगाली अभिनेत्री कोयल मल्लिक को इसी साल अप्रैल में राज्यसभा भेजा था। महज दो महीने पहले सांसद पद की शपथ लेने के बाद कोयल मल्लिक बेहद उत्साहित नजर आ रही थीं। उस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा था कि यह फैसला उन्होंने बहुत सोच-समझकर लिया है और उनके लिए देश तथा लोगों की सेवा से बढ़कर कुछ नहीं है। इतनी बड़ी जिम्मेदारी और देश सेवा की बात कहने वाली कोयल मल्लिक के अचानक इस्तीफे ने अब कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बस्तर पुलिस ने 16 लाख रुपये के 100 से अधिक गुम मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाया

जगदलपुर,(आरएनएस)। बस्तर पुलिस ने टेक बैक योर प्रॉपर्टी अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 100 से अधिक गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत करीब 16 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार तथा उप पुलिस अधीक्षक साइबर अमित देवांगन के मार्गदर्शन में साइबर सेल, थाना कोतवाली, बोधघाट, बस्तर एवं नगरनार पुलिस की संयुक्त टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान के दौरान तकनीकी विश्लेषण और साइबर ट्रैकिंग के माध्यम से विभिन्न स्थानों से 100 से अधिक गुम मोबाइल फोन खोजे गए।

# आसमान से बरसी मौत, मक्का काट रहे पिता-पुत्र समेत 5 लोगों की गई जान; 6 की हालत गंभीर

खगड़िया (आरएनएस)। बिहार के खगड़िया जिले में आज कुदरत का ऐसा कहर टूटा कि पल भर में ही कई परिवारों की खुशियां मातम में बदल गईं। जिले के अलग-अलग इलाकों में अचानक गिरी आसमानी बिजली



(वज्रपात) ने भारी तबाही मचाई है। इस दर्दनाक प्राकृतिक हादसे में खेत में काम कर रहे पिता-पुत्र समेत कुल 5 लोगों की झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस खौफनाक घटना के बाद पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसर गया है और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मक्का काटते समय गिरी बिजली, पिता-पुत्र ने तोड़ा दम

पहली हृदयविदारक घटना पौरा सहायक थाना क्षेत्र के बलतारा पंचायत स्थित कन्हौली गांव में घटी। जानकारी के अनुसार, यहां खेतों में मक्के की फसल की कटाई चल रही थी। खेत में करीब एक दर्जन लोग काम कर रहे थे, तभी अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ा और तेज बारिश के साथ भयानक बिजली कड़कने लगी। जब तक लोग खुद को बचाकर किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंच पाते, आसमान से जोरदार बिजली आ गिरी। इस खौफनाक वज्रपात की चपेट में आने से आशुतोष यादव, उनके पुत्र और एक अन्य ग्रामीण की बुरी तरह झुलसने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**बेलदौर में भी बरपा कुदरत का कहर, एक ही परिवार के 5 लोग झुलसे**

बिजली गिरने का दूसरा कहर बेलदौर थाना क्षेत्र में देखने को मिला, जहां कुल दो लोगों की जान चली गई। यहां इतमादी सरस्वती नगर (वार्ड नंबर 7) स्थित लबघड़िया गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्य इस आसमानी आफत का शिकार हो गए। वज्रपात की वजह से 35 वर्षीय जवाहर शर्मा की मौके पर ही जान चली गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्य बुरी तरह से झुलस गए। इनमें एक महिला की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। वहीं, बेलदौर थाना क्षेत्र की ही बलैठा पंचायत के नागपुर गांव में भी वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी।

### अस्पताल में चल रहा घायलों का इलाज, प्रशासन ने दिया मदद का भरोसा

जिले में सुबह से ही हो रही झमाझम बारिश के बीच घटी इन घटनाओं ने पूरे प्रशासन को भी सकते में डाल दिया है। प्रशासनिक टीम ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई इन घटनाओं में कुल पांच लोगों ने अपनी जान गंवाई है। घटना के तुरंत बाद सभी 6 घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम उनकी जान बचाने में जुटी है। वहीं, स्थानीय प्रशासन ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए सरकार की तरफ से हर संभव उचित मदद दिलाने का पूरा भरोसा दिया है।

## अमरनाथ यात्राः सुरक्षा और व्यवस्था पर अमित शाह की उच्चस्तरीय समीक्षा

नई दिल्ली, (ए.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस महत्वपूर्ण बैठक में यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, तीर्थयात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक और सेना प्रमुख सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के महानिदेशक भी उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अधिकारियों से यात्रा मार्गों पर सुरक्षा प्रबंधों, निगरानी व्यवस्था, आपदा प्रबंधन तैयारियों और तीर्थयात्रियों को उपलब्ध होने वाली स्वास्थ्य तथा अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली।

### चाय के साथ गलत फूड कॉम्बिनेशन बढ़ा सकते हैं पेट की परेशानी, बढ़ सकती हैं गैस और एसिडिटी की समस्या



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में चाय रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा है। सुबह की शुरुआत से लेकर शाम की थकान तक, एक कप चाय लोगों को आराम देने का काम करती है। लेकिन अक्सर चाय के साथ लोग ऐसी चीजें खा लेते हैं जो शरीर और पाचन तंत्र पर बुरा असर डालती हैं। मेडिकल साइंस के अनुसार, चाय में मौजूद कैफीन, टैनिन और अन्य सक्रिय तत्व कुछ खाद्य पदार्थों के साथ मिलकर पाचन को प्रभावित करते हैं। यही वजह है कि कुछ कॉम्बिनेशन पेट में गैस, एसिडिटी, पोषक तत्वों के अवशोषण में कमी और दांतों की संवेदनशीलता जैसी समस्याएं पैदा कर सकते हैं।चाय में मुख्य रूप से कैफीन, टैनिन, पॉलीफेनॉल्स और थोड़ी मात्रा में फ्लोराइड पाया जाता है। कैफीन शरीर को तुरंत ऊर्जा देता है, लेकिन टैनिन कई बार आयरन और कुछ मिनरल्स के अवशोषण को कम कर देता है। यही कारण है कि चाय के साथ कुछ खाद्य पदार्थों का मेल शरीर के लिए सही नहीं माना जाता। सबसे पहले बात करते हैं तीखे और मसालेदार खाने की। लहसुन, प्याज, हरी मिर्च, तीखी चटनी और भारी मसालों में मौजूद तत्व जैसे एलिसिन, कैप्साइसिन और सल्फर कंपाउंड पाचन को तेज कर देते हैं और पेट में एसिड का उत्पादन बढ़ा सकते हैं। जब इन्हें चाय के साथ लिया जाता है, जिसमें कैफीन पहले से ही गैस्ट्रिक एसिड को प्रभावित करता है, तो यह कॉम्बिनेशन पेट में जलन, एसिडिटी और भारीपन बढ़ा सकता है।

# डोनाल्ड ट्रंप ने किया समझौता होने का दावा, ईरान ने किया खंडन

वाशिंगटन,,(आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को ईरान के साथ जारी तनाव को देखते हुए ऐलान किया था कि वह रात में बड़ा हमला करेंगे। हालांकि, ट्रंप ने उसे टाल दिया। उन्होंने रात में सोशल मीडिया पर लिखा कि समझौते को ईरानी नेतृत्व से मंजूरी मिल गई है, इसलिए उन्होंने बमबारी को रद्द कर दिया है, समझौते पर हस्ताक्षर यूरोप में होंगे। इस बीच, ईरान ने खंडन करते हुए कहा कि उसने समझौते पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि ईरान के साथ बातचीत ईरानी नेतृत्व के सबसे ऊंचे स्तर तक पहुंच गई है और उसे मंजूरी मिल गई है, अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर मैंने आज शाम ईरान के खिलाफ तय हमले और बमबारी रद्द कर दी है। ट्रंप ने लिखा कि बातचीत और अंतिम बिंदुओं को, चाहे वे मोटे तौर पर हों या विस्तार से, सभी संबंधित पक्षों ने मंजूरी दे दी है।

ट्रंप ने आगे लिखा कि मंजूरी देने वाले पक्षों में अमेरिका, इजरायल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, तुर्की, पाकिस्तान, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, मिस्र और अन्य देश शामिल हैं। उन्होंने लिखा कि जब तक समझौता पूरी तरह तय नहीं हो जाता, तब तक नौसैनिक नाकेबंदी लागू रहेगी, समझौते पर हस्ताक्षर करने का समय और जगह जल्द बताई जाएगी। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर यूरोप में होंगे, जहां उपराष्ट्रपति जेडी वेंस उपस्थित हो सकते हैं।



ट्रंप के दावे पर ईरानी मीडिया ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई के हवाले से बताया कि बातचीत के तहत मसौदे के बड़े हिस्से को अंतिम रूप दे दिया गया है, लेकिन ईरान अपनी रेड लाइन पर समझौता नहीं करेगा। बगाई ने कहा, हम इस मामले पर किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे हैं। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसकी समीक्षा संबंधित निर्णय लेने वाली संस्थाओं द्वारा की जा रही है।

ट्रंप के रुख में अचानक बदलाव हुआ है। इससे पहले उन्होंने ट्रुथ पर लिखा था कि अमेरिका आज रात ईरान पर जबरदस्त हमला करेगा क्योंकि ईरान की नौसेना, वायुसेना, रडार, एंटी-एयरक्राफ्ट और रक्षा प्रणाली खत्म हो चुकी है। उन्होंने यह भी लिखा था कि आने वाले समय में, हम खार्ग द्वीप और तेल से जुड़े दूसरे इंफ्रास्ट्रक्चर पर कब्जा कर लेंगे और उनके तेल और गैस मार्केट पर पूरी तरह नियंत्रण करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे वेनेजुएला में किया है।

ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि जैसे ही हम हस्ताक्षर करेंगे, जलडमरूमध्य आधिकारिक तौर पर खुल जाएगा, जो जल्द ही हो सकता है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने इस समझौते को मंजूरी दी है, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इसका जवाब हां है। बता दें कि ईरान युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था, जिसकी वजह से वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हुआ है।

अमेरिका ने ईरान के समक्ष समझौते की जो शर्तें रखी हैं, उसमें ईरान को परमाणु हथियार विकसित न करने, होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने और यूरेनियम संवर्धन नष्ट करने की शर्त है। ईरान ऐसे हथियार बनाने की कोशिश से इनकार करता है। हालांकि, उसने समझौते में अपनी मांगों के रूप में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाना, अरबों डॉलर की फ्रीज की गई संपत्तियों को जारी करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसके नियंत्रण को मान्यता देना शामिल किया है।

## पाकिस्तान के बन्नू में हथियारबंद हमलावरों का कहर, दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या

इस्लामाबाद,(आरएनएस)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में अलग-अलग घटनाओं में हथियारबंद हमलावरों की गोलीबारी में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को एक पुलिस कांस्टेबल किसी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। तभी बन्नू-मीरानशाह रोड पर अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोली चला दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। एक दूसरी घटना में, एक और पुलिस कांस्टेबल को उसके घर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने दोनों मामलों में हमलावरों को पकड़ने के लिए संबंधित इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इससे पहले इसी हफ्ते, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के किला अब्दुल्ला, पिशिन और डुकी जिलों में पुलिस ठिकानों पर हुए हमलों में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य घायल हो गए थे। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी।

## फिनलैंड राष्ट्रपति स्टब ने भारत को बताया प्रभावशाली देश, जयशंकर के साथ वैश्विक मुद्दों पर की चर्चा

हेलसिंकी,(आरएनएस)। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने भारत को वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली देश बताया और कहा कि नई दिल्ली की राय को सुनना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह बात हेलसिंकी में हुए कुलतारना टॉक्स के मौके पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ मुलाकात के दौरान कही। मुलाकात के बाद स्टब ने एक्स पर लिखा, आज हमने कुलतारना में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। हमने मध्य पूर्व और फारस की खाड़ी की स्थिति, रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशों और आने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन पर चर्चा की। भारत एक प्रभावशाली देश है, जिसकी राय सुनना बहुत महत्वपूर्ण है।

दोनों नेताओं ने बदलती वैश्विक स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और इस बात पर जोर दिया कि आज के अनिश्चित माहौल में कूटनीति बहुत जरूरी है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने भी इस मुलाकात की जानकारी एक्स पर साझा करते हुए कहा, कुलतारना वार्ता के मौके पर फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब से मिलकर खुशी हुई। हमने बदलती वैश्विक स्थिति पर विचार साझा किए और इस बात पर जोर दिया कि इस अनिश्चित दुनिया में कूटनीति कितनी जरूरी है।

उन्होंने कहा, भारत और फिनलैंड अपनी रणनीतिक साझेदारी को डिजिटल तकनीक और सतत विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और साझा हितों के मुद्दों पर बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग को मजबूत कर रहे हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने फिनलैंड की विदेश मंत्री एलिना वाल्टोनन और यूएई की विदेश राज्य मंत्री लाना नुसेबेह के साथ उभरती शक्तियां और नई भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा विषय पर चर्चा में भी हिस्सा लिया।

इस चर्चा में उन्होंने कहा कि दुनिया में चल रहे संघर्षों की वजह से असर सिर्फ उन क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिलकर कोशिश करनी चाहिए कि इन संघर्षों के असर को कम किया जाए और बातचीत के जरिए समाधान का माहौल बने।

## 3 साल कोमा में रहने के बाद थाईलैंड की राजकुमारी का निधन, भारत ने कहा-याद रहेगा योगदान

बैंकॉक (आरएनएस)। थाईलैंड की राजकुमारी बज्रकितियाभा नरेन्द्रदेब्यावती का 47 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले 3 साल से कोमा में थीं और लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। उनके निधन पर भारत ने गहरा शोक व्यक्त किया है। बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास ने थाई शाही परिवार और थाईलैंड की जनता के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में भारत की संवेदनाएं थाईलैंड के राजा, शाही परिवार और देशवासियों के साथ हैं। दूतावास ने कहा कि पब्लिक सर्विस और कूटनीति के क्षेत्र में राजकुमारी का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।



थाईलैंड के सरकारी जनसंपर्क विभाग और प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी राजकुमारी के निधन की पुष्टि की। थाई सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में कहा कि राजा महा वजिरालोंगकोर्न की सबसे बड़ी पुत्री राजकुमारी बज्रकितियाभा ने 11 जून 2026 को अंतिम सांस ली। राष्ट्र के प्रति उनकी आजीवन सेवा और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

## समुद्र में सात दिन तक मौत से जंग लड़ता रहा शख्स, 80 कच्चे केकड़े खाकर बचाई जान



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। चीन में एक 39 वर्षीय व्यक्ति ने समुद्र में सात दिनों तक फंसे रहने के बावजूद अद्भुत हिम्मत और जिजीविषा का परिचय देते हुए अपनी जान बचाई। भूख, प्यास, तेज धूप और शारीरिक कमजोरी से जूझते हुए उसने कच्चे केकड़े खाकर खुद को जीवित रखा। उसकी यह कहानी अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, किन (Qin) नामक व्यक्ति चीन के हैनान प्रांत की राजधानी हाइकोउ घूमने गया था। 27 मई को वह समुद्र तट पर टहल रहा था, तभी तेज लहरें उसे बहाकर गहरे समुद्र में ले गईं। इस दौरान उसका मोबाइल फोन भी खो गया, जिससे किसी से संपर्क करने की संभावना खत्म हो गई।समुद्र में बहते हुए अगले दिन किन को एक तैरता हुआ बॉय (Buoy) दिखाई दिया। उसने किसी तरह उस पर खुद को संभाला और वही तैरता ढांचा अगले कई दिनों तक उसके लिए जीवनरक्षक साबित हुआ।समुद्र में फंसे किन के सामने सबसे बड़ी चुनौती भोजन की थी। आसपास खाने के लिए कुछ नहीं था, ऐसे में उसने बॉय के आसपास मौजूद छोटे-छोटे केकड़ों को पकड़कर खाना शुरू किया। बताया जाता है कि सात दिनों के दौरान उसने करीब 80 कच्चे केकड़े खाए, जिससे उसे जीवित रहने के लिए जरूरी ऊर्जा मिलती रही।लगातार धूप, समुद्री पानी और निर्जलीकरण के कारण उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। कई दिनों तक समुद्र में रहने से उसे भ्रम (हैलुसिनेशन) होने लगे और वह वास्तविकता तथा कल्पना के बीच अंतर करने में भी कठिनाई महसूस करने लगा।आखिरकार सात दिन बाद दो मछुआरों, झेंग शिझोंग और फू टिंगसान, की नजर समुद्र में फंसे किन पर पड़ी। उन्होंने उसे बचाने के लिए मदद का हाथ बढ़ाया। उस समय उसकी हालत इतनी खराब थी कि वह ठीक से स्थिति को समझ भी नहीं पा रहा था।मछुआरों ने उसे अपनी नाव पर चढ़ाया, पानी पिलाया और साफ कपड़े दिए। उसके शरीर पर कई घाव हो चुके थे और उनमें संक्रमण के लक्षण भी दिखाई दे रहे थे।

# फीचर

## बालों के झड़ने का कारण बन सकती हैं ये 5 गलतियां, इनसे बचें

बालों के झड़ने की समस्या से हर कोई परेशान है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें बालों की देखभाल से जुड़ी गलतियां शामिल हैं। अक्सर लोग अपने बालों की देखभाल करते समय कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे बालों की जड़ें कमजोर हो जाती हैं और बाल झड़ने लगते हैं। आइए आज हम आपको बालों की देखभाल से जुड़ी ऐसी गलतियों के बारे में बताते हैं, जो बालों के झड़ने का कारण बन सकती हैं।



### रोजाना शैंपू करने की गलती

अगर आप उन लोगों में से हैं, जो रोजाना अपने सिर पर शैंपू करते हैं तो यह बालों की देखभाल से जुड़ी सबसे बड़ी गलती है। रोजाना शैंपू करने से सिर का प्राकृतिक तेल खत्म हो जाता है, जिससे बालों की जड़ें कमजोर होने लगती हैं और बाल टूटने लगते हैं। बेहतर होगा कि आप हफ्ते में 2-3 बार ही अपने सिर पर शैंपू करें। इससे बालों की सेहत बनी रहती है और वे मजबूत बनते हैं।

### गीले बालों पर कंघी करने की आदत

गीले बालों पर कंघी करना भी बालों के झड़ने का एक कारण हो सकता है। दरअसल, गीले बाल कमजोर होते हैं और उन पर ज्यादा दबाव पड़ने से वे टूट सकते हैं। इसलिए गीले बालों पर कंघी करने से बचना चाहिए। इसके बजाय आप गीले बालों को सूखे तौलिये से हल्के हाथों से थपथपा सकते हैं। इसके बाद जब बाल थोड़े सूख जाएं तब ही कंघी करें, इससे बाल टूटने की संभावना कम हो जाएगी।

### कंडीशनर का गलत तरीके से इस्तेमाल करना

बालों की देखभाल के लिए कंडीशनर का इस्तेमाल करना जरूरी है, लेकिन इसे गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर बालों को नुकसान भी पहुंच सकता है। कई लोग पूरे सिर पर कंडीशनर लगा लेते हैं, जबकि इसे सिर्फ बालों की लंबाई पर लगाना चाहिए। इसके अलावा सिर की जड़ों पर कंडीशनर लगाने से सिर की त्वचा चिपचिपी हो जाती है, जिससे बाल झड़ने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसी गलतियों से बचकर बालों को स्वस्थ रखा जा सकता है।


### गर्म पानी से सिर धोना

गर्म पानी से सिर धोना भी एक बड़ी गलती है। गर्म पानी बालों की नमी को छीन लेता है और उन्हें रूखा बना देता है, जिससे बाल टूटने लगते हैं। इसलिए हमेशा अपने सिर को धोने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इसके अलावा ठंडे पानी से अंतिम धोने से बालों में चमक आती है और वे स्वस्थ दिखते हैं। इस तरह आप अपने बालों को स्वस्थ रख सकते हैं और उनकी चमक बरकरार रह सकती है।

### गर्म पानी से सिर धोना

गर्म पानी से सिर धोना भी एक बड़ी गलती है। गर्म पानी बालों की नमी को छीन लेता है और उन्हें रूखा बना देता है, जिससे बाल टूटने लगते हैं। इसलिए हमेशा अपने सिर को धोने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इसके अलावा ठंडे पानी से अंतिम धोने से बालों में चमक आती है और वे स्वस्थ दिखते हैं। इस तरह आप अपने बालों को स्वस्थ रख सकते हैं और उनकी चमक बरकरार रह सकती है।

## अभिनेत्री नियति फातनानी का खुलासा, खतरों के खिलाड़ी के प्रोमो के बाद हुई थी ट्रोलिंग



अभिनेत्री नियति फातनानी ने कहा है कि रियलिटी शो के दौर में कई बार मशहूर हस्तियों की बातों को संदर्भ से अलग करके देखा और परखा जाता है। फातनानी ने खतरों के खिलाड़ी के दौरान अपने अनुभव का जिक्र करते हुए बताया कि एक प्रोमो जारी होने के बाद उन्हें काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। हालांकि, पूरा एपिसोड प्रसारित होने के बाद लोगों को वास्तविक स्थिति समझ में आई और उन्होंने उनका समर्थन किया। फातनानी ने अपने अनुभव का उदाहरण देते हुए कहा, खतरों के खिलाड़ी के दौरान जब एक प्रोमो रिलीज हुआ था, तब मुझे प्रशंसकों की ओर से काफी आलोचना झेलनी पड़ी। हालांकि, जो लोग मुझे जानते थे, उन्हें पूरा भरोसा था कि मैं कभी कुछ गलत नहीं करूंगी। एपिसोड प्रसारित होने के बाद सभी को सच्चाई पता चल गई और उन्होंने मेरा समर्थन किया। दरअसल, उस व्यक्ति को शो से बाहर कर दिया गया था।

अभिनेत्री ने कहा, प्रशंसक अपने पसंदीदा कलाकारों के प्रति बेहद भावुक होते हैं और यह एक सेलिब्रिटी होने का स्वाभाविक हिस्सा है। सोशल मीडिया के दौर में प्रतिभा और दृश्यता में कौन अधिक महत्वपूर्ण है, इस सवाल पर फातनानी ने कहा कि दोनों पूरी तरह अलग-अलग चीजें हैं।

उन्होंने कहा, अगर कोई कलाकार प्रतिभाशाली है और अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, तो निर्देशक और निर्माता उसे भूमिका के लिए चुनेंगे। दूसरी ओर, व्यावसायिक नजरिए से यदि किसी परियोजना को दृश्यता से फायदा मिलता है, तो प्रभावशाली सोशल मीडिया हस्तियों को भी कास्ट किया जा सकता है। सोशल मीडिया आज मनोरंजन उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते को छिपाने का दबाव महसूस किया है, तो उन्होंने इससे इनकार किया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह रिश्ते में शामिल लोगों पर निर्भर करता है। यदि दोनों साथी सहज हैं, तो बाकी किसी बात का कोई खास महत्व नहीं रह जाता।

## जाह्नवी कपूर की हॉरर फिल्म के लिए तैयारी, इस निर्देशक संग बातचीत जारी

जाह्नवी कपूर इस वक्त राम चरण की फिल्म पेड्डी से लोगों का ध्यान खींच रही हैं। इस फिल्म में उन्होंने अचियम्मा नाम की एक गांव की लड़की का किरदार निभाया है। यह देवरा (2024) के बाद साउथ में उनकी दूसरी फिल्म है। ताजा जानकारी है कि जाह्नवी अपनी अगली फिल्म के लिए तैयारी शुरू कर चुकी हैं। वह एक हाई-कॉन्सेप्ट हॉरर फिल्म के लिए बातचीत कर रही हैं, जिसका निर्देशन तुम्बाड वाले राही अनिल बर्वे करेंगे।



रिपोर्ट के मुताबिक, इस हॉरर फिल्म के लिए जाह्नवी और निर्माताओं के बीच बातचीत अंतिम चरण में हैं। सूत्र ने कहा, जाह्नवी कपूर फिलहाल अपनी अगली फिल्म के लिए स्क्रिप्ट पढ़ रही हैं और संभावित परियोजनाओं पर चर्चा कर रही हैं। उन्होंने राही अनिल बर्वे द्वारा निर्देशित हॉरर फिल्म में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। तैयारियों का काम पहले ही शुरू हो चुका है और निर्माता इस साल के अंत तक प्रोडक्शन शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं।

सूत्र ने आगे कहा, जाह्नवी के लिए यह एक बिलकुल नया किरदार है और इसके लिए व्यापक तैयारी की जरूरत है। वह जल्द अनुबंध पर हस्ताक्षर करेंगी। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर निर्मित क्रिएचर हॉरर के रूप में चल रहा है। इसे जियो स्टूडियोज का समर्थन प्राप्त होगा। शूटिंग इस साल के अंत में शुरू हो सकती है। जाह्नवी लग जा गले में नजर आएंगी, जिसमें टाइगर श्रॉफ और लक्ष्य भी हैं। यह 14 मई, 2027 को रिलीज होगी।

## टमाटर से बनाए जा सकते हैं ये 5 स्वादिष्ट व्यंजन, जानिए रेसिपी

टमाटर एक ऐसी सब्जी है, जो न केवल सलाद में बल्कि कई स्वादिष्ट व्यंजनों में भी इस्तेमाल की जा सकती है। टमाटर में विटामिन-सी, पोटेशियम और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद हैं। आइए आज हम आपको टमाटर से बनाए जाने वाले कुछ ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जो खाने में बेहद स्वादिष्ट और पौष्टिक हैं। इन व्यंजनों को बनाना भी आसान है और ये आपके खाने का मजा बढ़ा सकते हैं।

### टमाटर का हलवा

टमाटर का हलवा एक खास और स्वादिष्ट मिठाई है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले टमाटर को उबालकर उसका पेस्ट बना लें, फिर घी में सूजी भूनें और उसमें टमाटर का पेस्ट मिलाएं। इसके बाद इसमें चीनी, इलायची पाउडर और सूखे मेवे डालकर पकाएं। यह हलवा न केवल स्वादिष्ट है बल्कि पोषण से भरपूर भी है। इसे आप किसी खास मौके पर बना सकते हैं या किसी भी समय मिठाई के रूप में परोस सकते हैं।

### टमाटर का पुलाव

टमाटर का पुलाव एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है जब आप कुछ नया आजमाना चाहते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बासमती चावल को धोकर भिगो दें, फिर तेल या घी में जीरा, तेजपत्ता, दालचीनी



डालकर भूनें। अब कटे हुए प्याज डालें और सुनहरा होने तक भूनें, फिर कटे हुए टमाटर डालकर पकाएं जब तक वे नरम हो जाएं। इसके बाद भिगोए हुए चावल डालकर पानी मिलाएं और धीमी आंच पर पकने दें।

### टमाटर का रायता

गर्मियों में ठंडा-ठंडा रायता कौन नहीं पसंद करता? टमाटर का रायता बनाने के लिए सबसे पहले दही को अच्छे से फेंट लें, फिर इसमें कदूकस किया हुआ टमाटर, काला नमक, भुना जीरा पाउडर और हरी मिर्च डालकर मिलाएं। इसे ठंडा-ठंडा परोसें। यह रायता खाने में बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक है। इसे आप किसी भी मुख्य भोजन के साथ परोस सकते हैं। यह रायता न केवल आपके खाने को ताजगी देता है बल्कि आपके पेट को भी शांत रखता है।

### टमाटर की कढ़ी

पंजाबी कढ़ी तो आपने कई बार खाई होगी, लेकिन क्या आपने कभी टमाटर की कढ़ी चखी है? अगर नहीं तो आज ही आजमाएं। इसके लिए बेसन के घोल में मसाले मिलाकर छोटे-छोटे पकौड़े बना लें, फिर पानी उबालकर उसमें हल्दी, नमक, लाल मिर्च मिलाकर पकाएं। अब इन पकौड़ों को इसमें डालकर पकाएं। दूसरी तरफ टमाटर की ग्रेवी बनाने के लिए टमाटर, प्याज, अदरक-लहसुन का पेस्ट बनाकर मिलाएं। अंत में दोनों को मिलाकर परोसें।

### टमाटर की चटनी

दाल-चावल या परांठे किसी भी व्यंजन के साथ परोसने लायक यह चटनी बहुत ही आसान तरीके से बनाई जा सकती है। इसके लिए सबसे पहले टमाटर, प्याज, लहसुन, हरी मिर्च, धनिया पत्तियां और नींबू रस मिलाकर पीस लें।

अब इस मिश्रण को कटोरे में निकालकर उसमें नमक, जीरा पाउडर और थोड़ा-सा तेल डालें। आपका स्वादिष्ट टमाटर की चटनी तैयार है। इसे आप अपने खाने में शामिल कर सकते हैं।

# अगले 3 से 4 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के छत्तीसगढ़ में आगे बढ़ने के लिए स्थितियां पूरी तरह अनुकूल



रायपुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच राहत की बड़ी खबर आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 3 से 4 दिनों के भीतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार और झारखंड के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए स्थितियां पूरी तरह अनुकूल बनी हुई हैं। वर्तमान में एक मौसमी द्रोणिका पंजाब से लेकर पश्चिम बंगाल तक फैली हुई है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ और पूर्वी मध्य प्रदेश होते हुए विदर्भ तक एक अन्य द्रोणिका बनी हुई है, जिससे राज्य के मौसम में बड़ा बदलाव आने की संभावना है।

**उबलते राजनांदगांव में शाम को बारिश**

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सरगुजा जिले के अंबिकापुर में सबसे ज्यादा 2 सेंटीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा कापू, रघुनाथ नगर, लखनपुर, छुरा, बतौली, सरिया और कुसमी में भी 1-1 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। तापमान की बात करें तो राजनांदगांव 44 डिग्री के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 21.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजनांदगाव में बुधवार शाम को झमाझम से लोगों ने राहत महसूस की। एमएल साहू, रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर जनरल मौसम विभाग ने बताया कि मई-जून में कम बारिश हुई है। हालांकि अभी प्रदेश में मानसून नहीं पहुंचा है। इसके पहुंचने के बाद व्यापक बारिश होने की संभावना है। जून में अच्छी बारिश होने का ट्रेंड रहा है। इस साल देखने वाली बात होगी कि अच्छी बारिश होती है या नहीं। सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है। जून में गर्मी भी पड़ने की आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। बारिश की शुरुआती गतिविधियों ने कई इलाकों में गर्मी से राहत पहुंचाई है, हालांकि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अभी भी तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है।मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजधानी रायपुर के लिए जारी स्थानीय पूर्वानुमान के अनुसार 11 जून को आसमान आंशिक रूप से मेघमय रहेगा। शहर में गरज-चमक के साथ बारिश या अंधड़ चलने की संभावना है। रायपुर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया गया है।

## पुसौर में उर्वरक कारोबारियों पर प्रशासन की कार्रवाई

रायगढ़, (आरएनएस)। जिले में किसानों को निर्धारित मात्रा और उचित व्यवस्था के तहत उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देश पर उर्वरक दुकानों की सघन जांच जारी है। इसी क्रम में संयुक्त जांच दल द्वारा पुसौर क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान दो अलग-अलग प्रतिष्ठानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं, जिसके बाद जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकान से 9 टन यूरिया जब्त किया है, जबकि दूसरी दुकान पर 21 दिनों का विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है।उप संचालक कृषि ने बताया कि संयुक्त जांच दल ने अग्रवाल खाद भंडार, पुसौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में एचयूआरएल कंपनी का लगभग 09 टन यूरिया भौतिक रूप से भंडारित पाया गया। जांच के समय उपलब्ध स्टॉक पंजी, विक्रय अभिलेख एवं पीओएस मशीन का मिलान करने पर उक्त यूरिया की कोई प्रविष्टि दर्ज नहीं मिली। जांच दल ने पाया कि वास्तविक भंडारण और अभिलेखों में दर्ज स्टॉक के बीच स्पष्ट अंतर है। प्रथम दृष्टया यह मामला उर्वरक भंडारण एवं विक्रय से संबंधित नियमों के उल्लंघन का प्रतीत होने पर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे 09 टन यूरिया को जब्त कर जप्ती पंचनामा तैयार किया तथा आगे की विस्तृत जांच प्रारंभ कर दी है।

## काम के दौरान मजदूरों पर गिरी गाज, 3 की मौत, 5 महिलाएं घायल

कांकेर,(आरएनएस)। अंतागढ़ विकासखंड के कलगांव में शुक्रवार को मौसम का अचानक बदला मिजाज ग्रामीणों पर भारी पड़ गया। मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण कार्य में जुटे दर्जनों मजदूरों के बीच आकाशीय बिजली गिरने से तीन पुरुष मजदूरों की मौके पर मौत हो गई, जबकि पांच महिलाएं घायल हो गईं। इनमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कलगांव में मनरेगा योजना के अंतर्गत तालाब गहरीकरण का कार्य चल रहा था, जहां करीब 70 ग्रामीण मजदूरी कर रहे थे। दोपहर के दौरान अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। मजदूर संभल पाते, इससे पहले ही जोरदार गड़गड़ाहट के साथ बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आठ लोग आ गए। घटना के बाद कार्यस्थल पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों और प्रशासन की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि पांच महिलाओं का उपचार जारी है। गंभीर रूप से घायल एक महिला को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर रेफर किया गया है।

## दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझी, एक हफ्ते से लापता दंपती के शव दफन मिले, 3 गिरफ्तार

गरियाबंद,(आरएनएस)। जिले के शोभा थाना क्षेत्र के ग्राम गरीबा में एक सप्ताह से लापता पति-पत्नी की तलाश आखिरकार श्मशान घाट की मिट्टी के नीचे खत्म हुई। पुरानी रंजिश में हुए दोहरे हत्याकांड का ऐसा खुलासा हुआ जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। आरोप है कि दंपती की हत्या के बाद शवों को बोरे में भरकर श्मशान घाट में दफना दिया गया था, ताकि किसी को वारदात की भनक न लगे।

मृतकों की पहचान राजाराम नेताम और उनकी पत्नी आशो बाई नेताम के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में पड़ोसी लखीराम नेताम, रघुराम नेताम और नकुल राम नेताम को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, 6 जून को दंपती अचानक लापता हो गए थे। परिजनों और ग्रामीणों को उनकी कोई जानकारी नहीं मिल रही थी। इसी बीच गांव में एक अन्य व्यक्ति की मृत्यु होने पर ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे। वहां उन्हें दो स्थानों पर ताजा खोदी और फिर भरी गई मिट्टी दिखाई दी। ग्रामीणों को संदेह हुआ क्योंकि गांव में हाल के दिनों में किसी अन्य व्यक्ति की मौत नहीं हुई थी। शक गहराने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही शोभा थाना प्रभारी पवन वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। श्मशान घाट में खुदाई कराई गई तो वहां से दो शव बरामद हुए। पहचान करने पर पता चला कि ये शव एक सप्ताह से लापता राजाराम नेताम और आशो बाई नेताम के हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पुरानी दुश्मनी के चलते आरोपियों ने दंपती की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद सबूत मिटाने के उद्देश्य से दोनों शवों को बोरे में भरकर श्मशान घाट में दफ्ना दिया गया।

## खनन घोटाले में दोषियों पर हो कार्रवाई,जहां सड़क नहीं वहां ट्रांजिट पास कैसे जारी हुए - छविंद्र कर्मा

दंतेवाड़ा, (आरएनएस)। ग्राम आलनार स्थित लौह अयस्क खदान में फर्जी खनन के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री छविंद्र कर्मा ने आरती स्पंज कंपनी और खनिज विभाग के बीच सांठ - गांठ का आरोप लगाया है। कर्मा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि मेसर्स आरती स्पंज एंड पावर लिमिटेड कंपनी पिछले कई वर्षों से केवल कागजों में खनन दिखाकर करोड़ों रुपये के घोटाले को अंजाम दे रही है। खनिज विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता के बगैर यह संभव नहीं है। छबिंद्र ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और कंपनी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 से 2025 के बीच कंपनी द्वारा लगभग 2.72 लाख टन लौह अयस्क उत्पादन का रिकॉर्ड दर्ज किया गया, जबकि मौके पर न तो कोई वास्तविक खनन गतिविधि दिखाई देती है, न मशीनें लगी हैं और न ही खदान क्षेत्र में किसी प्रकार की खुदाई के प्रमाण मौजूद हैं। इस जगह तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता भी नहीं है, जिससे लौह अयस्क का परिवहन हो सके। ऐसे में सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज उत्पादन और वास्तविक स्थिति के बीच बड़ा अंतर कई सवाल खड़े करता है।उन्होंने कहा कि जिस खदान क्षेत्र तक पहुंचने के लिए समुचित सड़क तक उपलब्ध नहीं है, वहां से ट्रांजिट पास जारी होना और वाहनों तथा ड्राइवरों के नाम दर्ज होना पूरे मामले में फर्जी परिवहन और कागजी खनन के संगठित खेल की ओर इशारा करता है। छविंद्र कर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि यह क्षेत्र संविधान की पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून के दायरे में आता है, जहां ग्राम सभा की अनुमति के बिना खनन गतिविधियां संचालित नहीं की जा सकतीं। इसके बावजूद स्थानीय ग्राम सभाओं की सहमति के बिना खदान आवंटित किए जाने का दावा करते हुए उन्होंने इसे आदिवासी अधिकारों और वनाधिकार कानून का उल्लंघन बताया।

## 22 ग्राम पंचायतों में लगी कृषक चौपाल, प्राकृतिक खेती पर जोर



रायपुर (आरएनएस)। 'खेत बचाओ अभियान' के तहत किसानों को प्राकृतिक खेती और संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए महासमुंद जिले की 22 ग्राम पंचायतों में कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। अभियान 30 जून तक संचालित किया जाएगा। कृषि विभाग के अनुसार विकासखंड महासमुंद की 5 ग्राम पंचायतों, बसना की 8, पिथौरा की 2 और सरायपाली की 7 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। चौपालों में कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों ने किसानों को बताया कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग से मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता और दीर्घकालिक उत्पादन क्षमता प्रभावित हो रही है। इस चुनौती से निपटने के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कार्यक्रमों में किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक खेती के लाभ, हरी खाद, नील हरित काई तथा जैविक उत्पादों के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही यूरिया और डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, एसएसपी, जैव उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने किसानों से मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसाओं के अनुरूप उर्वरकों का उपयोग करने की अपील की, ताकि खेती अधिक टिकाऊ, लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल बन सके।

### रेडियो एक्टिव सामान बेचने के नाम पर 3 करोड़ से अधिक की ठगी, 3 आरोपी गिरफ्तार

अम्बिकापुर (आरएनएस)। दुर्लभ एवं रेडियो एक्टिव वस्तु बेचने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर एक व्यक्ति से 3 करोड़ 8 लाख 78 हजार रुपये ठगने का आरोप है। मामले में थाना गांधीनगर में अपराध दर्ज कर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की।पुलिस के अनुसार आरोपियों ने फर्जी दुर्लभ वस्तु और रेडियो एक्टिव पैकिंग बेचने का लालच देकर प्रार्थी को अपने जाल में फंसाया और चरणबद्ध तरीके से करोड़ों रुपये ऐंठ लिए। शिकायत मिलने के बाद गांधीनगर थाना पुलिस और साइबर सेल ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस की टीम पश्चिम बंगाल, वाराणसी और बिहार तक पहुंची।

# खेल समाचार

## भारत बनाम अफगानिस्तान: इतिहास रचने की दहलीज पर रोहित शर्मा, इस मामले में बन सकते हैं नंबर वन



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज का आगाज 13 जून से होने जा रहा है। सीरीज का पहला मुकाबला धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। रोहित शर्मा को वनडे सीरीज में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। रोहित पहले वनडे मुकाबले में मैदान पर उतरने के साथ ही खास उपलब्धि हासिल कर लेंगे।दरअसल, धर्मशाला के मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ अगर रोहित शर्मा पहला वनडे मुकाबला खेलते हैं, तो वह भारत की ओर से एकदिवसीय क्रिकेट मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे। रोहित 37 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त करेंगे, जो अभी मोहिंदर अमरनाथ के नाम दर्ज है। मोहिंदर ने 39 साल और 36 दिन की उम्र में अपना आखिरी वनडे मुकाबला खेला था। वहीं, शनिवार (13 जून) को रोहित की उम्र 39 साल और 44 दिन होगी। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें, तो वनडे क्रिकेट के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी नीदरलैंड्स के नोलन क्लार्क रहे हैं, जिन्होंने एकदिवसीय मुकाबला 47 साल और 257 दिन की उम्र में खेला था। रोहित ने आखिरी वनडे सीरीज न्यूजीलैंड के खिलाफ इस साल की शुरुआत में खेली थी। तीन मुकाबलों की सीरीज में रोहित का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम के पूर्व कप्तान से फैंस को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। 50 ओवर के फॉर्मेट में रोहित का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के खिलाफ दमदार रहा है।3 मुकाबलों में रोहित 75 की औसत और 127 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ 150 रन बना चुके हैं। रोहित इस दौरान एक शतक भी लगा चुके हैं। विराट कोहली और हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में रोहित पर अधिक जिम्मेदारी भी होगी। कोहली और हार्दिक इंजरी की वजह से इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। विराट हैमस्ट्रिंग की इंजरी से जूझ रहे हैं, जबकि हार्दिक के बाएं पैर में निगल (हल्की चोट) है। विराट के स्थान पर यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक सीरीज जीत के बीच बांग्लादेश को झटका

**- कप्तान मेहदी हसन मिराज अस्पताल में भर्ती**

नई दिल्ली (ए.)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रचते हुए पहली बार किसी द्विपक्षीय श्रृंखला में कंगारू टीम को पराजित किया है। लगातार दो मुकाबले जीतकर बांग्लादेश ने तीन मैचों की श्रृंखला अपने नाम कर ली, लेकिन इस ऐतिहासिक सफलता के बीच टीम को अपने कप्तान मेहदी हसन मिराज की चोट को लेकर चिंता का सामना करना पड़ा। दूसरे वनडे के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मुकाबला ढाका में खेला गया, जहां बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। हालांकि मैच के दौरान एक ऐसा क्षण आया जिसने खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों की चिंता बढ़ा दी। बांग्लादेशी पारी के 34वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज राइली मेरेडिथ की एक तेज बाउंसर मेहदी हसन मिराज के हेलमेट पर जा लगी। गेंद लगते ही कप्तान दर्द से कराह उठे और घुटनों के बल मैदान पर बैठ गए।



## भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप 24 जून को रचाएंगे शादी

**– पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होंगे विवाह समारोह**

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप जल्द ही अपने जीवन की नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। मैदान पर अपनी तेज गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान करने वाले आकाशदीप अब विवाह बंधन में बंधने की तैयारी में हैं। जानकारी के अनुसार वह 24 जून को अपनी मंगेतर अक्षिता के साथ सात फेरे लेंगे। शादी समारोह बिहार के रोहतास जिले में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित किया जाएगा। आकाशदीप की होने वाली पत्नी अक्षिता डेहरी-ऑन-सोन के मानिकपुर गांव की निवासी हैं। दोनों परिवारों की सहमति से यह विवाह संपन्न होगा। शादी को लेकर दोनों परिवारों में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और रिश्तेदारों के आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। विवाह समारोह को पारंपरिक और पारिवारिक माहौल में आयोजित करने की योजना बनाई गई है।



सूत्रों के अनुसार शादी से पहले विभिन्न रस्में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होंगी। 21 जून को तिलक समारोह आयोजित किया जाएगा, जबकि 22 जून को मेहंदी की रस्म होगी। इसके बाद 23 जून को हल्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों में परिवार के सदस्य, करीबी रिश्तेदार और मित्र शामिल होंगे। 24 जून को आकाशदीप बारात लेकर अक्षिता के घर पहुंचेंगे

## क्रिकेट में एक युग का अंत, इस महान क्रिकेटर ने लिया संन्यास, विराट कोहली से रहा है खास याराना

नई दिल्ली (आरएनएस)। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को तत्काल प्रभाव से अलविदा कह दिया है। केन विलियमसन के नाम न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन और शतक बनाने का रिकॉर्ड है। संन्यास के साथ ही विलियमसन के 16 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत हो गया है। विलियमसन ने अपना आखिरी टेस्ट लॉर्ड्स में खेला जिसमें न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।



न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी एक बयान में विलियमसन ने कहा, मैंने इस बारे में कुछ समय से सोचा है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में यह साफ हो गया है कि अब सही समय है। मैंने हमेशा इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए एक मजबूत इच्छा और भूख महसूस की है। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने न्यूजीलैंड के लिए खेले गए हर मैच में अपना सब कुछ दिया है। इससे कम कुछ भी जारी रखना सही नहीं होगा और मैं अपनी शर्तों पर पीछे हटने के लिए खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं। विलियमसन ने कहा, मैं इस बात को लेकर सकारात्मक महसूस कर रहा हूं कि यह ग्रुप कहां जा रहा है। इसमें बहुत सारा टैलेंट है और इस न्यूजीलैंड टीम के साथ कुछ खास करने की सच्ची इच्छा है। यह एक ऐसी टीम है जिसे मैं प्यार करता हूं, और मैं इतने लंबे समय तक इसका हिस्सा बनकर बहुत खुशकिस्मत महसूस करता हूं। यह मेरे दिल के बहुत करीब रहेगी। विलियमसन की भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली से खास जुगलबंदी रही है। दोनों अंडर-19 के दिनों से एक साथ मैदान पर उतरते रहे।

## शाई होप की कप्तानी पारी, वेस्टइंडीज ने पहले टी20 में श्रीलंका को 7 विकेट से हराया



जमैका (आरएनएस)। वेस्टइंडीज ने पहले टी20 इंटनरेशनल मुकाबले में श्रीलंका को 7 विकेट से हराया। किंग्स्टन के सबीना पार्क में श्रीलंका से मिले 148 रनों के लक्ष्य को कैरेबियाई टीम ने 19.2 ओवर में आसानी से सिर्फ 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम की शुरुआत दमदार रही। पहले विकेट के लिए कप्तान होप ने ब्रैंडन किंग के साथ मिलकर 6.2 ओवर में 67 रन जोड़े। किंग ने 22 गेंदों का सामना करते हुए 37 रनों की शानदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 2 चौके और 3 छक्के लगाए। नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे शिमरोन हेटमायर ने आगाज तो शानदार अंदाज में किया, लेकिन वह 9 गेंदों में 17 रन बनाने के बाद वानिंदु हसरंगा का शिकार बने। होप ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 54 गेंदों में 65 रनों की कप्तानी पारी खेली और वह टीम को जीत दिलाकर लौटे। होप ने अपनी इस पारी में 5 चौके और 2 छक्के लगाए। रोस्टन चेज ने 26 गेंदों में 16 रन बनाए, तो रोवमैन पॉवेल 6 गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में श्रीलंका की ओर से सर्वाधिक 2 विकेट वानिंदु हसरंगा ने चटकाए।इससे पहले, श्रीलंका ने 20 ओवर में 9 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 147 रन लगाए। श्रीलंका टीम को पथुम निसांका और कुसल मेंडिस ने सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। निसांका 18 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मेंडिस ने 23 गेंदों का सामना करते हुए 36 रन बनाए। लसिथ क्रुस्पुल्ले को जेसन होल्डर ने बिना खाता खोले पवेलियन भेजा, जबकि पवन रत्नायके ने 4 रन बनाए। एक छोर से लगातार विकेट गिरने के बावजूद कामिंदु मेंडिस एक एंड पर खड़े रहे और उन्होंने 39 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 51 रनों की बेशकीमती पारी खेली। वहीं, दासुन शनाका ने 22 रनों का योगदान दिया।

गेंदबाजी में वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर और शेमार जोसेफ ने दमदार प्रदर्शन किया। होल्डर ने 4 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर 3 विकेट चटकाए, तो जोसेफ ने 29 रन देकर अफगानिस्तान के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। वहीं, रोस्टन चेज ने एक विकेट चटकाया। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

## 1970 विश्व कप विजेता ब्राजील के महान डिफेंडर ब्रिटो का निधन

नई दिल्ली (ए.)। ब्राजील को 1970 फीफा विश्व कप जिताने वाली ऐतिहासिक टीम के सदस्य और दिग्गज डिफेंडर ब्रिटो का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए बताया कि वह निमोनिया से पीड़ित थे और पिछले एक सप्ताह से अस्पताल में भर्ती थे। उनके निधन से ब्राजील सहित दुनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों में शोक की लहर है। ब्रिटो को ब्राजील के सर्वश्रेष्ठ रक्षात्मक खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने 1964 में ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण किया था और करीब आठ वर्षों तक देश का प्रतिनिधित्व किया। अपनी शारीरिक मजबूती, शानदार खेल और आक्रामक रक्षात्मक शैली के कारण वह टीम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल रहे। 1970 में मेक्सिको में आयोजित फीफा विश्व कप में उन्होंने ब्राजील की सफलता में अहम भूमिका निभाई थी। उस टूर्नामेंट में उन्होंने टीम के सभी मैच खेले और एक भी मिनट मैदान से बाहर नहीं रहे।



ब्रिटो ने डिफेंस में विल्सन पियाजा के साथ मजबूत जोड़ी बनाई थी। जहां पियाजा अपनी तकनीकी क्षमता के लिए प्रसिद्ध थे, वहीं ब्रिटो अपनी ताकत और संघर्षशील खेल के लिए जाने जाते थे। उनकी शारीरिक क्षमता के कारण उन्हें हरक्यूलिस के नाम से भी पहचान मिली। उस विश्व कप विजेता टीम में महान फुटबॉलर पेले भी शामिल थे, जिसे आज भी फुटबॉल इतिहास की सबसे बेहतरीन टीमों में गिना जाता है। ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष समीर जौद ने ब्रिटो के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वह ब्राजील फुटबॉल इतिहास के सबसे महान डिफेंडरों में से एक थे और उनकी विरासत हमेशा याद रखी जाएगी।

9 अगस्त 1939 को रियो डी जेनेरियो में जन्मे ब्रिटो ने अपने क्लब करियर की शुरुआत वास्को द गामा से की थी।

# नवांकुर अभियान के तहत कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने किया सीड बॉल निर्माण

## पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने ग्राम पंचायत रंढाल में आयोजित गतिविधियों में हुए शामिल



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को जनपद पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत ग्राम पंचायत रंढाल पहुंचकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित नवांकुर अभियान के तहत सीड बॉल निर्माण गतिविधि में सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हुए इस अभियान का संचालन कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार जिलेभर में किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सीड बॉल तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें आगामी वर्षा ऋतु में विभिन्न स्थानों पर फैलाकर वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाएगा।ग्राम पंचायत रंढाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रगति ग्राम संगठन की महिलाओं के साथ बैठकर सीड बॉल तैयार किए। इस अवसर पर आम, नीम, करंज, जामुन एवं महुआ जैसे विभिन्न प्रजातियों के बीजों को मिट्टी एवं जैविक खाद के साथ मिलाकर सीड बॉल बनाए गए। इन सीड बॉल का उपयोग वर्षा ऋतु में अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं हरित आवरण बढ़ाने के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्राम पंचायत परिसर में संचालित गौशाला का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के समय जानकारी दी गई कि गौशाला से निकलने वाले गोबर से जैविक खाद तैयार की जा रही है तथा पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसे का संग्रहण भी किया गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने गौशाला परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा पक्की नाली निर्माण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि गौशाला से निकलने वाले गोबर का उपयोग जैविक खाद निर्माण में किया जाना एक सराहनीय एवं पर्यावरण हितैषी पहल है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि नवांकुर अभियान के माध्यम से जिले में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं अधिकाधिक वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें जनसहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# 14 जून को ऑनलाइन योग सत्र से जुड़ेगा पूरा विश्व

नर्मदापुरम (निप्र)। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 14 जून, रविवार को प्रातः 6:15 बजे से 7:35 बजे तक ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष योग सत्र गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में सम्मिलित होने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस ऐतिहासिक आयोजन से जुड़कर नर्मदापुरम जिले को गौरवान्वित करें। यह ऑनलाइन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रयास भारत एवं विश्वभर के नागरिकों की सहभागिता से आयोजित किया जा रहा है, जिसका आयोजन एमडीएनआईवाई (MDNIY), आयुष मंत्रालय एवं Habuild द्वारा किया जा रहा है। योग के इस ऐतिहासिक उत्सव के साथ प्रतिभागी के संकल्प का भी हिस्सा बनेंगे। ऑनलाइन योग सत्र में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी भारत के टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर WhatsApp मिस्ड कॉल देकर प्राप्त लिंक के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिभागी नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से भी अपना पंजीकरण कर सकते हैं — https://moa.habit.yoga/?ref=MadhyaPrades इसके माध्यम से ऑनलाइन योग सत्रों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। साथ ही सहभागियों को डिजिटल सहभागिता प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा।

# अक्षय की तृतीय पुण्यतिथि पर शांति पाठ, सुंदर कांड पाठ के साथ ही श्रद्धांजलि दी



नर्मदापुरम (निप्र)। कांग्रेस आईटी सेल के प्रदेश महासचिव अक्षय दीक्षित का 11 जून 23 को सड़क दुर्घटना में स्वर्गवास हो गया था। अक्षय की तृतीय पुण्यतिथि पर शांति पाठ के तहत सुंदरकांड पाठ का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास श्री हनुमान मंदिर में किया गया। स्व. अक्षय के पिता समाजसेवी अरुण दीक्षित ने बताया कि बेटे के जाने के बाद मेरे मित्रों ने सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मुझे हिम्मत दी साहस दिया सहयोग दिया जिसके कारण मैं अक्षय के दोनों बच्चों का पालन पोषण करने का साहस कर रहा हूं। सुंदर कांड कार्यक्रम में बसंत दुबे महेश शर्मा अनुभव राजपूत हेमंत परसाई संजीव शर्मा केके शर्मा डॉ सुरेंद्र जीत सिंह, ओपी तिवारी केएन त्रिपाठी अशोक परसाई ललित मोहन यादव बद्री प्रसाद कौरव डॉ प्रदीप जैन आरके सैनी दिनेश मालवीय नंदकिशोर यादव डॉ मयंक तोमर हेमंत शर्मा गोपाल दुबे नीतू राजपूत डॉ निहारिका राजपूत नीलू परसाई मंगल द्विवेदी जयवाला निगम राहुल दुबे ज्योति दुबे दीप्ति दुबे अल्पना दीक्षित शोभित सुमित अंकित दीक्षित सहित शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने उपस्थित होकर अक्षय दीक्षित को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने किया नाले का निरीक्षण

### बारिश पूर्व बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश नारायण नगर नाले का बड़ी पोकलेन से सफाई कार्य जारी

नर्मदापुरम (निप्र)। विगत दिनों नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 17 में स्थित नारायण नगर नाले का निरीक्षण किया गया था। जहां भारी मात्रा नाले में ऊगी झाड़ियों से पानी के बहाव में रुकावट आ रही थी। नाला गहरा होने के कारण छोटी पोकलेन चल नहीं पा रही है। उन्होंने नगरपालिका की स्वच्छता टीम को निर्देशित कर बड़ी पोकलेन की व्यवस्था कर नाले की सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद सभापति महिमा रोहित गौर, सुरेश श्रीवास और राहुल चौरे भी उपस्थित थे। स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर में वर्षा पूर्व बड़े नाले नालियों का सफाई अभियान जारी है। साथ ही नाले नालियों पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया जा रहा है। शुक्रवार को नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा नारायण नाले में चल रही बड़ी पोकलेन के कार्य का निरीक्षण किया। नाले में जमा गाद को भी निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी के बहाव का भी जायजा लिया। साथ ही आसपास के लोगों को निर्देशित किया गया कि किसी भी तरह का कचरा नाले नालियों में न डालें। कचरा, कचरा वाहन आने पर ही उसी में डालें। शुक्रवार को बड़ी पोकलेन से करीब 8 ट्राली से अधिक कचरा निकाला गया।

# गुरु पूर्णिमा पर दोहा पूर्ति प्रतियोगिता


नर्मदापुरम (निप्र)। स्थानीय शिव संकल्प साहित्य परिषद एवं मनु तुलसी स्मृति मंच के संयुक्त तत्वाधान में गुरु महोत्सव पर गुरु दोहा पूर्ति प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरु प्रकाश प्रतिरूप पंक्ति की पूर्ति कर बंद लिफाफे में आमंत्रित है चयनित पांच रचनाकारों को मां ललिता आश्रम के आचार्य पं अजय दुबे एवं देवेन्द्र रावत सं तुलसी मानस भारती भोपाल के सानिध्य में पुरुस्कृत एवं मानद उपाधि से अलंकृत किया जायेगा दोहा पूर्ति पंडित गिरि मोहन गुरु नगर श्री शिव संकल्प सहित परिषद श्री सेवा श्रम नर्मदा मंदिरम् मध्य प्रदेश के पते पर 15 जुलाई 2026 तक आमंत्रित है।

# 'ये सारी उम्र गई मित्रों के नाम' कार्यक्रम आज

### डॉ विनोद निगम का पुण्य स्मरण कर दी जाएगी श्रद्धांजलि

नर्मदापुरम (निप्र)। देश के प्रसिद्ध नवगीतकार नर्मदांचल के सर्वप्रिय कवि डॉ विनोद निगम का तृतीय पुण्य स्मरण समारोह सप्तक मित्र समूह व नर्मदा शिक्षा समिति के द्वारा 13 जून को आयोजित होगा। सप्तक मित्र समूह के गोपीकांत घोष, खेमचंद यादवेश व कमलेश सक्सेना ने बताया कि 'ये सारी उम्र गई मित्रों के नाम' कार्यक्रम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य राकेश फौजदार की अध्यक्षता, करेली के प्रख्यात कवि नारायण श्रीवास्तव, भोपाल के प्रसिद्ध शायर डॉ अंजुम बाराबंकवी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ कृष्ण गोपाल मिश्र के विशिष्ट आतिथ्य में शनिवार 13 जून को अपरान्ह 4 बजे से पं रामलाल शर्मा स्कूल एनईएस कालेज के सभागार समारोह में आयोजित होगा।

कार्यक्रम के मार्ग दर्शक पं भवानी शंकर शर्मा व सूत्रधार डॉ हंसा व्यास ने बताया कि डॉ विनोद निगम के गीत का संगीतमय गायन श्रीराम परसाई आनंद नामदेव, ऋतु कुलश्रेष्ठ एवं साथी करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ निगम के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालेंगे। सप्तक मित्र समूह के संयोजक सुरेश उपाध्याय, रमेश गार्गव, गोपीकांत घोष, राजकिशोर दीक्षित, खेमचंद यादवेश, कमलेश सक्सेना ने समारोह में जिले के साहित्यकार, समाजसेवी व उनके परिजन, प्रियजन, मित्रगणों से शामिल होने का आव्हान किया है।उनकी याद में उनके मित्रों के द्वारा यह अयोजन बीते तीन वर्षों से निरंतर जारी है।




### कु. स्मिता पाल को साहित्य विनोद सम्मान

साहित्यिक क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय की एमए ;हिंदी की टॉपर छात्रा कुमारी स्मिता पाल को साहित्य विनोद सम्मान से पुरस्कृत करने के लिए नाम चयनित किया गया है। यह सम्मान प्रतिवर्ष स्वर्गीय डॉ विनोद निगम के भतीजे एवं उनकी साहित्यिक विरासत के उत्तराधिकारी प्रशांत निगम द्वारा शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय में एमए हिंदी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को प्रदान किया जाता है। इस सम्मान का मुख्य उद्देश्य हिंदी साहित्य को बढ़ावा देना और डॉ विनोद निगम की स्मृतियों व उनकी साहित्यिक साधना को जनमानस में सदैव जीवंत रखना है।

# सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण

### -प्रगति पथ यात्रा के तहत विकास कार्यों का लिया जायजा
### -गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निर्माण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। केंद्र सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रगति पथ यात्रा के अंतर्गत सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने शुक्रवार को बनखेड़ी क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान सांसद श्री चौधरी ने बनखेड़ी नयाखेड़ा स्थित निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सांसद श्री चौधरी ने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग साइट रोड शीघ्र तैयार करने के निर्देश भी दिएए ताकि आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने रेलवे एवं लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए परियोजना को गति देने के लिए कहा।निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं की जानकारी मिलने पर सांसद ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।इस अवसर पर संजीव मालानी मुकेश सराठे भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान सदस्य नीतिराज सिंह पटेल नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष राजू पटेल अमित माहेश्वरी रमेश पटेल बृजेश कौरव सहित रेलवे लोक निर्माण विभाग विद्युत विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# विश्व क्लबफुट दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम किया गया आयोजित, 35 बच्चे ले रहे उपचार

नर्मदापुरम (ए.)। क्लबफुट मुक्त बचपन की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए विश्व क्लबफुट दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल बदुके ने कहा, समय पर उपचार और निरंतर फॉलो-अप से बच्चे का क्लबफुट पूरी तरह से ठीक हो सकता है। जिला शीघ्र हस्तक्षेप संस्था DEIC ने बताया कि RBSK दल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में क्लबफुट बच्चों की पहचान कर जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को भी पहचान व रेफरल के लिए प्रशिक्षित किया गया है। माता-पिता की नियमित काउंसलिंग से उपचार और फॉलो-अप सुनिश्चित किया जा रहा है। क्लबफुट एक जन्मजात स्थिति है जिसमें बच्चे के पैर जन्म के समय अंदर की ओर मुड़े होते हैं।

# कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने क्षीरधारा योजना चयनित ग्रामों का निरीक्षण किया

## पशुपालकों को उन्नत पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए किया प्रोत्साहित

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जिले के माखननगर विकासखंड अंतर्गत क्षीरधारा योजना के तहत चयनित ग्राम शुक्करवाडा एवं अन्य चयनित क्षीरधारा ग्रामों में संचालित विभागीय गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने पशुपालकों से व्यक्तिगत चर्चा कर उन्हें उन्नत पशुपालन अपनाने एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने मुख्यमंत्री डेरी प्लस योजना के हितग्राही आकाश यादव एवं आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना की हितग्राही श्रीमती कमलेश यादव से व्यक्तिगत चर्चा कर योजनाओं की प्रगति एवं लाभ के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। हितग्राहियों द्वारा योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में एक भैंस से प्रतिदिन लगभग 12 लीटर दूध का उत्पादन प्राप्त हो रहा है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने विभागीय गतिविधियों की सराहना करते हुए अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने विकासखंड के ग्राम जावली स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने गौशाला को प्राप्त होने वाली निधि तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी भी विस्तार पूर्वक ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस दौरान निर्देशित किया की गौशाला में निर्धारित संख्या के अनुसार ही गऊवंश को रखा जाए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा गौशाला परिसर के समीप स्थित नर्सरी में आम के पौधे का रोपण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ. शैलेंद्र नेमा, नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ वाडिवा, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी सुमित ठाकरे, गौ सेवक मैत्री निधिश दुबे, उद्यानिकी विभाग की उपसंचालक श्रीमती रीता उईके, कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सलिल साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के एडीओ, संबंधित सरपंच-सचिव एवं बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।

# विश्व बाल निषेध दिवस पर संयुक्त जागरुकता अभियान, बाल श्रम पर सख्ती के दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। विश्व बाल निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला टास्क फोर्स द्वारा शहर में बाल श्रम की पहचान एवं विमुक्ति के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रम विभाग के नेतृत्व में पुलिस, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त दल ने बस स्टैंड, मुख्य बाजार एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों, संस्थानों और आम नागरिकों को बाल श्रम कानून के प्रावधानों से अवगत कराया। स्पष्ट किया गया कि 14 वर्ष तक के बालकों का किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है।

# श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हुए श्रद्धालु

### कथा के सप्तम दिवस विसर्जन पर हुआ भंडारा



नर्मदापुरम (निप्र)।शहर के ग्वालटोली स्थित शंकर मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था। कथा के विसर्जन पर सप्तम दिवस पंडित स्पर्श तिवारी ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। पंडित तिवारी ने कहा कि भगवान कृष्ण सुदामा की मित्रता अटूट थी। मित्रता में कभी भी छोटा बड़ा नहीं देखा जाता । उन्होंने भगवान श्री कृष्णा और सुदामा की बचपन के चरित्र का भी सारगर्भित वर्णन किया। श्रीमद् भागवत कथा में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और पुण्य लाभ लिया। शंकर समिति के पदाधिकारी कमल चाव्हाण ने बताया कि पिछले 7 दिनों से श्रीमद् भागवत कथा में भगवान के चरित्रों का वर्णन हुआ और सभी ने पुण्य लाभ लिया। कथा का विसर्जन कर कन्या भोज के साथ भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को गर्मी से राहत हेतु कूलर दान, टीकाकरण दिवस भी आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र)। महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना इटारसी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में बच्चों एवं हितग्राहियों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई। अटल बाल पालक सुमन उमेश बघेल द्वारा केंद्र को एक कूलर दान स्वरूप प्रदान किया गया। गर्मी के मौसम में आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले छोटे बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा अन्य हितग्राहियों को कूलर की सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें अधिक आरामदायक वातावरण प्राप्त होगा। इससे बच्चों को केंद्र पर संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं पोषण संबंधी गतिविधियों में बेहतर सहभागिता करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला एवं पर्यवेक्षक श्रीमती अर्चना बस्तवार उपस्थित रहीं। उन्होंने सुमन उमेश बघेल के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि समाज के जागरूक नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं विकास को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के दौरान टीकाकरण दिवस का आयोजन भी किया गया, जिसमें एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। हितग्राहियों को बच्चों एवं माताओं के नियमित टीकाकरण के महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, जनप्रतिनिधिगण, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस जनहितकारी पहल की प्रशंसा करते हुए इसे बच्चों के हित में महत्वपूर्ण योगदान बताया।महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समुदाय के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# जनजातीय ग्राम डोभ में ग्राम सभा आयोजित, वन अधिकार समिति का गठन

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ग्राम पंचायत नया धाई अंतर्गत जनजातीय ग्राम डोभ में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम सभा के दौरान वन अधिकार समिति का गठन किया गया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा सामूहिक वन अधिकार पट्टे हेतु दावा प्रस्तुत किया गया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को वन अधिकारों एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीणों के बीच योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए योजनाओं का लाभ लेने की बात कही।

# सोहागपुर सीएचसी का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण, दो रेडियोग्राफरों का वेतन काटने के निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर सुश्री प्रियंका भलावी ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोहागपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई और कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की गई।एसडीएम ने प्रसूति वार्ड का निरीक्षण किया जहां साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने बीएमओ को तत्काल सफाई कराने और अस्पताल परिसर में प्रतिदिन तीन बार नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान रेडियोग्राफर कक्ष निर्धारित समय पर संचालित नहीं पाया गया। जांच में रेडियोग्राफर रज्जू पाल और अजय वास्कले अनुपस्थित मिले। एसडीएम ने दोनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के लिए बीएमओ को निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों की सार्थक ऐप पर दर्ज पिछले 10 दिनों की उपस्थिति का भी परीक्षण किया गया।

# जनजातीय ग्राम डोभ में ग्राम सभा आयोजित, वन अधिकार समिति का गठन

नर्मदापुरम (ए.)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ग्राम पंचायत नया धाई अंतर्गत जनजातीय ग्राम डोभ में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम सभा के दौरान वन अधिकार समिति का गठन किया गया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा सामूहिक वन अधिकार पट्टे हेतु दावा प्रस्तुत किया गया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को वन अधिकारों एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com